# छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

RNI Reg. No.-CHHHIN/2009/36148
डाक पंजीयन क्र.-45/Surguja Dn/2024-26

वर्ष - 17 ■ अंक - 72 ■ अम्बिकापुर, शुक्रवार 13 मार्च 2026 पृष्ठ -8 ■ मूल्य - 1 रूपये

WWW.cgfrontline.com


# 3.67 एकड़ भूमि में लगी 43 क्विंटल अफीम जप्त, कीमत 4.75 करोड़ रुपये, 07 जेल दाखिल

## प्रशासन मामले को लेकर गंभीर, फाइनेंसियल गतिविधियों की भी चल रही जांच

**पुलिस-प्रशासन, वन विभाग की संयुक्त टीमें सरहदी क्षेत्रों तक चला रही सघन चेकिंग अभियान**

**छ.ग.फ्रंटलाइन बलरामपुर।** बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के कुसमी थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत त्रिपुरी के घोसराडांड़ में बड़े पैमाने पर की गई अफीम की खेती का प्रशासन व पुलिस की टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से पर्दाफाश किया है। कार्रवाई के दौरान 3.67 एकड़ भूमि में लगी अफीम की फसल को उखाड़कर जब्त किया गया। 43 क्विंटल जब्त अफीम की अनुमानित कीमत 4 करोड़ 75 लाख रुपये आंकी गई है। मामले में पुलिस ने जमीन मालिकों समेत 7 लोगों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

बता दें कि 10 मार्च को कुसमी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि त्रिपुरी क्षेत्र में कुछ लोग रूपदेव भगत एवं कौसिल भगत के खेत में अवैध मादक पदार्थ अफीम की खेती कर रहे हैं। सूचना पर एसडीओपी, आशीष कुंजाम थाना प्रभारी, कुसमी विरासत कुजूर एसएफएल टीम तथा प्रशासनिक अधिकारियों की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची। जांच में खेत में अफीम के पौधे पाए गए और वहां मौजूद रूपदेव राम भगत, कौशिल भगत, मनोज कुमार, जिरमल मुण्डा, उपेन्द्र कुमार, विन्देश्वर, कृष्णा सिंह इसकी रखवाली कर रहे थे। परीक्षण पर अवैध मादक पदार्थ अफीम का होना पाए जाने पर एनडीपीएस एक्ट के तहत विवेचना, कार्रवाई शुरू की गई। संदेहियों के कब्जे में लगे अवैध मादक पदार्थ अफीम की खेती का अवैध मादक पदार्थ के रूप में पहचान, पंचनामा तैयार कर अफीम को जड़, तना, पत्ती, फूल, फल सहित उखाड़ कर एवं खेत में पड़े दो डिब्बे में आधा-आधा भरा हुआ अफीम का लासा व चार बड़ा बोरी व एक छोटी बोरी में सूखे फल की विधिवत बरामदगी पश्चात बरामद अवैध मादक पदार्थ का तौल कराया गया, जो कुल 4344.569 किलोग्राम था। इसकी कीमत करीब 4 करोड़ 75 लाख रुपये है। आरोपियों का कृत्य अपराध धारा सदर 8,18 एन.डी.पी.एस. एक्ट का होना पाए जाने पर सातों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। प्रकरण में एंड-टू-एंड विवेचना कार्रवाई जारी है। मामले में फाइनेंसियल गतिविधियों की भी जांच की जा रही है। विधिवत विवेचना कार्रवाई हेतु पुलिस की कई टीमें लगाई गई हैं। साथ ही तत्संबंध में पुलिस, प्रशासन एवं फॉरेस्ट विभाग की संयुक्त टीमों के द्वारा पूरे जिले, विशेषकर सरहदी क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। चेकिंग के दौरान ऐसी कोई भी गतिविधियां आपराधिक कृत्य करना पाए जाने पर संबंधित आरोपियों के विरूद्ध विधि अनुसार कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बलरामपुर पुलिस द्वारा इस संबंध में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी।



### इन्हें किया गया गिरफ्तार

थाना कुसमी पुलिस ने मामले में अपराध क्रमांक 00/2026, धारा सदर 8,18 एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत रूपदेव राम भगत पिता ठाकुर राम 50 वर्ष, निवासी ग्राम त्रिपुरी सरनाटोली कुसमी, कौशिल भगत पिता रूंगहू (रूंघू) राम 30 वर्ष, निवासी ग्राम त्रिपुरी माचाडीपा कुसमी, मनोज कुमार पिता सीता यादव 24 वर्ष, निवासी ग्राम सोमया थाना बाराचट्टी जिला गया बिहार, जिरमल मुण्डा पिता बुधन राम मुण्डा 56 वर्ष, निवासी ग्राम भगचन्द थाना आस्ता जिला जशपुर, उपेन्द्र कुमार पिता रामचन्द्र यादव 27 वर्ष, निवासी ग्राम सोमया थाना बाराचट्टी जिला गया बिहार, विन्देश्वर पिता कमर गंजहू 45 वर्ष निवासी कोलवा थाना जोरी जिला चतरा झारखंड व कृष्णा सिंह पिता महादेव सिंह निवासी कुराग, थाना आस्ता जिला जशपुर को गिरफ्तार किया है।

### जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए की जाएगी कड़ी कार्रवाई-कलेक्टर



कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने जानकारी दी है कि जिले के कुसमी थाना क्षेत्र अंतर्गत त्रिपुरी गांव में 10 मार्च 2026 को मुखबिर से अफीम की खेती की सूचना प्राप्त हुई, जिस पर प्रशासन और पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर अवैध अफीम की खेती को कब्जे में लेकर भूमि का सीमांकन किया गया।

जांच के दौरान पाया गया कि 1.488 हेक्टेयर (3.67 एकड़) में खेती की जा रही थी, जिसके रिकार्ड का अवलोकन किया गया। डीसीएस सर्वे में उक्त भूमि पड़ती के रूप में दर्ज है। सामान्यत: उक्त भूमि पर खेती नहीं होने के कारण रवी फसल की गिरदावरी नहीं की गई है। प्रशासन, पुलिस एवं अन्य संबंधित विभागों की संयुक्त टीम के द्वारा न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी की उपस्थिति में एनडीपीएस के प्रावधानों के तहत परीक्षण कर जब्ती की कार्रवाई की गई है। इसकी कुल मात्रा 43 क्विंटल और अनुमानित मूल्य लगभग 4 करोड़ 75 लाख रुपये है। कलेक्टर ने बताया कि जिले में राजस्व, पुलिस प्रशासन एवं वन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जिले की सीमावर्ती क्षेत्रों सहित जिले की समस्त भूमि का चिन्हांकन कर विधिवत सघन जांच, परीक्षण किया जा रहा है। किसी भूमि पर अफीम की खेती पाये जाने पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आमजनों से अपील की है कि जिले के किसी भी क्षेत्र में अफीम या मादक पदार्थों के खेती की जानकारी मिलती है तो तत्काल जिला एवं पुलिस प्रशासन को सूचना दें, जिस पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सूचना देने वाले की जानकारी गोपनीय रखी जाएगी।

## कार की ठोकर से घायल युवक की मौत

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** लुण्ड्रा थाना क्षेत्र के ग्राम महोरा पड़लीपारा में कार की ठोकर से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत के मामले में पुलिस ने घटनाकारित कार को जब्त करके चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज कर लिया है।


जानकारी के मुताबिक 10 मार्च को सुबोध पैंकरा नामक एक ग्रामीण को कार क्रमांक सीजी 10 के 3366 का चालक ठोकर मार दिया था। इसकी सूचना मिलने पर घायल ग्रामीण के फुआ का लड़का परस राम पैकरा घटनास्थल स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल के पास गया तो फुफेरा भाई सुबोध पैंकरा बेहोश पड़ा था, उसे सिर, चेहरा, दोनों हाथ, पैर में गंभीर चोट आई थी। पास ही कार क्षतिग्रस्त हालत में पड़ी थी। कार का चालक इन्द कुमार पिता बलबीर सिंह 32 वर्ष, निवासी ग्राम जुजगू थाना बगीचा जिला जशपुर मौके पर ही था, जिसे आसपास के लोग घेरकर रखे थे। घायल सुबोध पैंकरा को डॉयल 112 वाहन से लुण्ड्रा अस्पताल लाया गया, यहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी कार चालक को हिरासत में लेकर उसके विरूद्ध बीएनएस की धारा 106(1) का मामला दर्ज कर लिया है।

# प्रशासन कह रहा रसोई गैस की किल्लत नहीं, इधर सर्वर डाउन रहने से बुकिंग ठप

## उपभोक्ताओं को पहले की तुलना में महीने भर, अधिक भी करना पड़ सकता है इंतजार

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सरगुजा जिले में प्रशासनिक दावे के बीच रसोई गैस को लेकर उपभोक्ताओं के माथे पर परेशानी की लकीरें नजर आने लगी है। गैस बुकिंग की पर्ची सर्वर डाउन रहने के कारण नहीं कटने की जानकारी संबंधित गैस एजेंसियों के जिम्मेदार दे रहे हैं। खाली सिलिंडर ढोकर लाने और वापस ले जाने का परिदृश्य देखने को मिल रहा है। समय पर गैस सिलिंडर नहीं मिलने से उपभोक्ताओं का समय बरबाद हो रहा है। पहले जिस एजेंसी में रोजाना 300-400 सिलिंडर की बुकिंग होती थी, वह 3-4 दिनों से महज 10-15 बुकिंग में सिमट कर रह गया है। गैस एजेंसियों के प्रबंधन का कहना है कि फिलहाल घरेलू गैस सिलिंडर की आपूर्ति जारी है, वितरण अवधि 15 दिन से बढ़ाकर 25 दिन कर दी गई है। सर्वर की जिस प्रकार समस्या सामने आ रही है, इससे उपभोक्ताओं को पहले की तुलना में महीने भर, अधिक भी इंतजार करना पड़ सकता है। बता दें कि सर्वर समस्या के कारण घर बैठे रसोई गैस की बुकिंग नहीं होने से उपभोक्ताओं का रूख गैस एजेंसियों की ओर होने लगा है, जिससे भीड़ बढ़ रही है। खाद्य विभाग व एजेंसी संचालकों का कहना है कि जिले में गैस सिलिंडर की कोई कमी नहीं है, पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। इनका मानना है कि अफवाहों के चलते लोग बड़ी संख्या में ऑनलाइन बुकिंग के लिए पहुंच रहे हैं, जिससे सेंट्रल सर्वर पर दबाव बढ़ गया है और बार-बार डाउन हो रहा है। इधर प्रशासन ने व्यवसायिक गैस सिलिंडर के वितरण पर फिलहाल पूरी तरह रोक लगा दी है। केवल अस्पतालों को ही रसोई गैस उपलब्ध कराने की अनुमति दी गई है। इसके चलते शहर के होटल, रेस्टोरेंट और ढाबा संचालक व कैटरर्स भी पशोपेश में हैं। इस बीच रसोई गैस की कालाबाजारी जैसी शिकायतें खुलकर सामने आ रही हैं। कुछ बिचौलियों के द्वारा घरेलू गैस सिलिंडर को काफी अधिक दाम में बेचने की सुगबुगाहट तेज हो गई है।





### जिले में 3 कंपनियां, 1.58 लाख से अधिक उपभोक्ता

सरगुजा जिले में तीन प्रमुख कंपनियों के माध्यम से बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं को रसोई गैस की आपूर्ति की जा रही है। आंकड़ों के मुताबिक जिले में एक लाख 58 हजार 585 से अधिक घरेलू गैस उपभोक्ता पंजीकृत हैं, जिनमें प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के लाभार्थी और सामान्य उपभोक्ता दोनों शामिल हैं। एचपीसीएल गैस एजेसी से करीब 1 लाख 377 उपभोक्ता जुड़े हैं। इनमें 48 हजार 525 पीएमयूवाई और 51 हजार 852 सामान्य उपभोक्ता हैं। इंडेन गैस एजेंसी के पास लगभग 73 हजार 106 उपभोक्ता पंजीकृत हैं, इनमें 54 हजार 421 पीएमयूवाई और 18 हजार 685 सामान्य उपभोक्ता हैं। भारत गैस एजेंसी के साथ भी जिले में 39 हजार से अधिक उपभोक्ता जुड़े हैं।

### अवैध भंडारित 124 घरेलू गैस सिलिंडर जब्त

कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देश पर जिले में घरेलू गैस सिलिंडरों के अवैध भण्डारण एवं वितरण पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में खाद्य विभाग द्वारा अवैध रूप से भण्डारित घरेलू गैस सिलेंडरों के विरुद्ध कार्रवाई की गई, और कुल 124 नग गैस सिलिंडर जप्त किए गए हैं। खाद्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार उदयपुर क्षेत्र में की गई जांच के दौरान तुलसी छत्तीसगढ़ गैस एजेंसी उदयपुर से 115 नग, गोरख गैस चूल्हा रिपेयरिंग नमनाकला से 03 नग तथा प्रदीप गैस चूल्हा रिपेयरिंग शॉप दर्रीपारा से 06 नग घरेलू गैस सिलिंडर जब्त किए गए। उक्त प्रकरण में द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय एवं वितरण विनियमन) आदेश, 2000 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जा रही है।

### कलेक्टर ने अफवाहों पर ध्यान नहीं देने कहा



कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा जिले के सभी उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि घरेलू गैस सिलिंडरों की आपूर्ति को लेकर किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने बताया कि जिले में घरेलू गैस सिलिंडरों की पर्याप्त उपलब्धता है, सभी गैस एजेंसियों में पर्याप्त मात्रा में स्टॉक मौजूद है। गैस सिलिंडरों की आपूर्ति एवं वितरण पर नियमित रूप से निगरानी रखी जा रही है। साथ ही राज्य स्तर पर भी घरेलू गैस सिलिंडरों की आपूर्ति, उपलब्धता एवं दैनिक आवश्यकता की सतत निगरानी रखने तथा अवैध भण्डारण पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।






# शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाना रेप नहीं-हाईकोर्ट

## छात्रा से दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल बाद राहत



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** हाईकोर्ट के जस्टिस एनके व्यास ने शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने और रेप के मामले में अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा कि अगर लड़की बालिग है और उसकी सहमति से शारीरिक संबंध बने हैं, तो उसे रेप नहीं माना जा सकता।

हाईकोर्ट ने लोअर कोर्ट की ओर से आरोपी युवक को दोषी ठहराने के आदेश को अवैध मानते हुए उसे निरस्त कर दिया और आरोपी को बरी कर दिया। इस फैसले के साथ ही रेप के आरोपी युवक को करीब 20 साल बाद राहत मिली है। मामला सरगुजा जिले के धौरपुर थाना क्षेत्र का है।

**जानिए क्या है पूरा मामला ?**

दरअसल, सरगुजा जिले की युवती साल 2000 में 12वीं कक्षा की छात्रा थी और धौरपुर क्षेत्र में किराए के मकान में रहती थी। इसी दौरान लीना राम ध्रुव भी पढ़ाई कर रहा था। दोनों के बीच दोस्ती हुई और बाद में प्रेम संबंध बन गया। युवती का आरोप है कि युवक उसी मकान में उसके साथ रहने लगा। 8 सितंबर 2000 को उसने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। युवती का कहना था कि इसके बाद करीब तीन साल तक वह उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा।

**पत्नी की तरह साथ रखा, फिर छोड़कर चला गया**

पढ़ाई पूरी होने के बाद दोनों अपने-अपने गांव लौट गए। युवती के अनुसार, दोनों के बीच तय हुआ कि वे हर महीने की 15 और 31 तारीख को मिलेंगे। इसके बाद वह करीब एक सप्ताह तक युवक के घर रही, जहां उसने उसे पत्नी की तरह रखा। युवती ने आरोप लगाया कि लीना राम ने शादी का झांसा देकर उससे 3 साल तक शारीरिक संबंध बनाए। 16 मई 2003 को वह दोबारा युवक के घर गई और वहीं रुकी। उसने शादी का प्रस्ताव रखा, लेकिन 11 जून 2003 को युवक उसे छोड़कर कहीं चला गया और वापस नहीं लौटा। युवती करीब 2 महीने तक उसके घर पर रही, लेकिन युवक नहीं आया।

### युवती की शिकायत पर दर्ज हुआ केस

युवक के गायब होने के बाद युवती ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी लीना ध्रुव के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया और कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### ट्रायल कोर्ट ने सुनाई थी सजा

पुलिस ने जांच के बाद ट्रायल कोर्ट में चालान पेश किया। ट्रायल में सभी पक्षों को सुनने के बाद अंबिकापुर के न्यायिक मजिस्ट्रेट ने आरोप पत्र प्रस्तुत किया। सुनवाई के बाद अंबिकापुर के जिला-सत्र न्यायालय ने आरोपी को दुष्कर्म का दोषी मानते हुए सात साल की सजा और 5000 रुपए अर्थदंड लगाया।

### हाईकोर्ट में दी गई चुनौती

सत्र न्यायालय के फैसले के खिलाफ आरोपी ने हाईकोर्ट में रिवीजन अपील दायर की, जिसमें बताया गया कि ट्रायल कोर्ट ने कानून से परे जाकर फैसला दिया है और यह न्याय के सिद्धांतों के विपरीत है। सभी पक्षों को सुनने के बाद हाईकोर्ट ने माना कि लोअर कोर्ट का दोषसिद्धि आदेश कानून के अनुरूप नहीं है, इसलिए उसे निरस्त किया जाता है।

### हाईकोर्ट ने फैसले में क्या कहा ?

हाईकोर्ट ने सुनवाई के बाद अपने आदेश में कहा कि केवल शादी का बहाना बनाकर शारीरिक संबंध बनाना हर मामले में दुष्कर्म नहीं माना जा सकता। कोर्ट ने कहा कि घटना के समय पीड़िता की उम्र 26 वर्ष थी और उसे कथित शारीरिक संबंधों के परिणामों की पूरी जानकारी थी। ऐसे में यह संबंध पीड़िता की सहमति से बनाए गए माने जाएंगे।

अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि कानून की स्थापित स्थिति के अनुसार, शादी का झांसा देकर बनाए गए संबंध हर परिस्थिति में दुष्कर्म की श्रेणी में नहीं आते। खासकर तब, जब अभियोजन यह साबित करने में असफल रहता है कि आरोपी ने शुरू से ही केवल अपनी शारीरिक इच्छा पूरी करने के उद्देश्य से संबंध बनाए थे और उसका शादी करने का कोई इरादा नहीं था।

### 20 साल बाद मिला न्याय

मामले में एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपी को 27 अगस्त 2004 को गिरफ्तार किया था। 23 अगस्त 2005 को सत्र न्यायालय ने सजा सुनाई थी। इसके बाद 23 जनवरी 2006 को आरोपी को जमानत मिल गई। लंबी कानूनी प्रक्रिया के बाद अब करीब 20 साल बाद हाईकोर्ट ने उसे दोषमुक्त कर दिया है।

# स्कूटी सवार युवक-युवती को ठोकर मारने वाले पिकअप चालक के विरूद्ध केस दर्ज

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** स्कूटी सवार युवक-युवती पिकअप की ठोकर से घायल हो गए, इनका मेडिकल कॉलेज और होलीक्रॉस अस्पताल अंबिकापुर में इलाज चल रहा है। घायल युवक के पिता की रिपोर्ट पर गांधीनगर थाना पुलिस ने मामले में पिकअप चालक के विरूद्ध केस दर्ज कर लिया है।

बलरामपुर जिला के कुसमी थाना अंतर्गत ग्राम कंचनटोली निवासी राकेश तिर्की ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि उसका लड़का राकेश तिर्की 20 वर्ष बीते 3 मार्च को ग्राम कंचनटोली से गंगापुर अंबिकापुर रिश्तेदार के घर में घूमने के लिए आया था। 4 मार्च की शाम को करीब 8 बजे राकेश अपने महिला मित्र के साथ किसी दोस्त के स्कूटी वाहन क्रमांक सीजी 15 डीजे 0259 से एमजी रोड में किसी काम से गया था। रात करीब 8.15 से 8.30 बजे के बीच माखन विहार के पास सामने की ओर से आ रही एक पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 29 एएफ 4486 का चालक लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते स्कूटी वाहन को ठोकर मार दिया, और कुछ दूर तक इन्हें घसीटते ले गया था। हादसे में राकेश तिर्की के बाएं पैर व शरीर में और लड़की के पैर व नाक में चोट आई है। आसपास के लोग इन्हें जिला अस्पताल अंबिकापुर ले गए। घटना की सूचना पाकर स्वजन जिला अस्पताल पहुंचे। राकेश तिर्की का जिला अस्पताल में वहीं लड़की का होली क्रॉस अस्पताल में उपचार चल रहा है।




# सरस्वती साइकिल योजना और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ से सशक्त हो रहीं बेटियां

## बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने में शासन की योजनाएं बन रहीं सहारा

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित विभिन्न योजनाओं का सकारात्मक परिणाम जमीनी स्तर पर दिखाई दे रहा है। शासन की दूरदर्शी नीतियों, जनजागरूकता अभियानों तथा सतत मॉनिटरिंग के कारण बालिका शिक्षा का प्रतिशत निरंतर बढ़ रहा है। पूर्व में ग्रामीण अंचलों में कभी बेटियों की पढ़ाई प्राथमिक कक्षाओं तक सीमित रह जाती थी लेकिन आज बेटियां उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपने परिवार और जिले का नाम रोशन कर रही हैं।

बालिकाओं को शिक्षा से जोड़ने के लिए केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, सरस्वती साइकिल योजना जैसे योजनाओं के माध्यम से बालिकाओं को आर्थिक सहायता और संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं साथ ही सुरक्षित एवं अनुकूल शैक्षणिक वातावरण भी प्रदान किया जा रहा है।

**सरस्वती साइकिल योजना से पढ़ाई में दूरी नहीं बनी बाधा**

ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यालय की दूरी बालिकाओं की शिक्षा में एक बड़ी चुनौती रही है। इसे ध्यान में रखते हुए संचालित सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत हाई स्कूल में प्रवेश लेने वाली छात्राओं को निःशुल्क साइकिल प्रदान की जाती है। इससे छात्राओं की नियमित उपस्थिति बढ़ी है तथा ड्रॉपआउट दर में कमी आई है। शासकीय हाई स्कूल कोठली की छात्रा कुमारी पूनम गुप्ता ने बताया कि साइकिल मिलने से




अब पैदल नहीं चलना पड़ता। वह समय पर विद्यालय पहुँचती है और पढ़ाई के लिए अधिक समय दे पाती है।

बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान ने समाज में सकारात्मक सोच विकसित की है। अभिभावक अब बेटियों की शिक्षा को प्राथमिकता दे रहे हैं। ग्राम स्तर पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रमों, रैलियों और विशेष शिविरों के माध्यम से बाल विवाह, लैंगिक भेदभाव और स्कूल छोड़ने जैसी समस्याओं पर नियंत्रण पाया जा रहा है। स्कूलों में आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बालिकाओं को छात्रवृत्ति एवं निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें भी प्रदान की जा रही हैं। साथ ही मध्यान्ह भोजन एवं पोषण कार्यक्रमों से बालिकाओं का स्वास्थ्य भी बेहतर हुआ है। डिजिटल शिक्षा से नई दिशा डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए स्कूलों में स्मार्ट क्लास एवं ऑनलाइन सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। इससे बालिकाएँ तकनीकी रूप से सक्षम बन रही हैं और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार हो रही हैं।

जिला प्रशासन द्वारा समय-समय पर विद्यालयों का निरीक्षण, शिक्षकों की बैठक तथा पालक-शिक्षक बैठक की सक्रियता सुनिश्चित की जा रही है। संबंधित अधिकारियों द्वारा लगातार समीक्षा भी किया जा रहा है, जिससे योजनाओं का लाभ पात्र बालिकाओं तक समयबद्ध रूप से पहुंच रहा है। उल्लेखनीय है कि शासन के सतत प्रयासों से आज बेटियां आत्मविश्वास के साथ अपने सपनों की उड़ान भर रही हैं।

# शुद्ध पेयजल उपलब्धता के लिए 15 मार्च से विशेष अभियान

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रीष्मकाल के दौरान शुद्ध पेयजल की सतत उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 15 मार्च से 15 अप्रैल 2026 तक विशेष हैंडपंप संधारण अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत जिले में स्थापित पेयजल स्त्रोतों की मरम्मत, संधारण और जल की गुणवत्ता की नियमित जांच सुनिश्चित की जाएगी।

कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी ने संबंधितों को अभियान के दौरान सभी उपखंडों के भंडार गृहों में हैंडपंप संधारण के लिए आवश्यक सामग्री जैसे राइजर पाइप, स्पेयर पार्ट्स तथा पेयजल की शुद्धता के लिए सोडियम हाइपोक्लोराइट पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रखने के निर्देश दिए हैं, ताकि खराब हैंडपंपों की तत्काल मरम्मत की जा सके। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित पेयजल स्त्रोतों को सोडियम हाइपोक्लोराइट से क्लोरीनेशन किया जाएगा तथा संचालित



एकल ग्राम और समूह जल प्रदाय योजनाओं के माध्यम से उपलब्ध कराए जा रहे पेयजल में अंतिम छोर तक क्लोरीन की पर्याप्त मात्रा सुनिश्चित की जाएगी। पेयजल की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए हैंडपंपों के पानी की जांच एफटीके (फील्ड टेस्ट किट) और प्रयोगशाला के माध्यम से कराई जाएगी, जिससे लोगों को सुरक्षित और शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग कार्यपालन अभियंता ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि विशेष अभियान के दौरान सभी निर्देशों का गंभीरता से पालन करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की उपलब्धता और शुद्धता सुनिश्चित करें, ताकि गर्मी के मौसम में लोगों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।

# जीएम की औचक दबिश में दो कोयला चोर पकड़े गए, चार बाइक जब्त

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की खदानों में हो रही कोयला चोरी पर कार्रवाई करते हुए क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ. संजय सिंह ने गुरुवार सुबह त्रिपुरा बटालियन के जवानों के साथ औचक निरीक्षण किया। इस दौरान आमगांव खदान में छापेमारी कर कोयला चोरी कर रहे एक युवक को पकड़ लिया गया, जबकि अन्य आरोपी कोयले से भरी बोरियां और दोपहिया वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गए। सुरक्षा टीम ने चार बाइक जब्त कर पकड़े गए युवक को रामानुजनगर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पकड़े गए युवक की पहचान मनवारपारा सालही निवासी दुर्गेश के रूप में हुई है।



इसके बाद क्षेत्रीय महाप्रबंधक गायत्री खदान पहुंचे, जहां जवानों को देखकर कई कोयला चोर भाग निकले, जबकि एक अन्य आरोपी को पकड़कर कोतवाली पुलिस को सौंपा गया।

बताया जा रहा है कि क्षेत्र की आमगांव, अमेरा और गायत्री खदानों से लंबे समय से संगठित तरीके से कोयला चोरी की जा रही है। अनुमान है कि अलग-अलग खदानों से प्रतिदिन करीब डेढ़ से दो सौ टन कोयला चोरी हो रहा है, जिससे कंपनी के साथ ही राज्य सरकार को भी राजस्व का नुकसान हो रहा है।

# खदान के भीतर पानी छिड़काव कर रहे टैंकर ने खड़ी ट्रेलर को मारा टक्कर

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के आमगांव खदान में गुरुवार शाम करीब 4 बजे



पानी छिड़काव कर रहे एक टैंकर ने खदान के भीतर खड़ी ट्रेलर वाहन (सीजी 15 एसी 1060) को सामने से टक्कर मार दी। हादसे में ट्रेलर का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। बताया जा रहा है कि खदान में वर्तमान में केवल एक ही वेब्रिज से कोयला तौल का कार्य चल रहा है। इसके कारण कोयला लोडिंग के लिए पहुंचे ट्रकों को दो-दो से तीन-तीन दिन तक अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा है, जिससे वाहन चालकों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

सूत्रों के अनुसार समय पर कोयला उठाव नहीं होने से कई पार्टियों के डीओ भी लैप्स होने की स्थिति में हैं। वहीं खदान प्रबंधन मेनपावर सहित अन्य कारणों का हवाला दे रहा है।

हालांकि खदान प्रबंधन का कहना है कि प्रतिदिन 100 से अधिक गाड़ियां कोयला लोड कर खदान से निकल रही हैं और कही किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है।

# पीवीटीजी इनटाइटलमेंट कार्ड सर्वेक्षण के लिए जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय समिति गठित

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** छत्तीसगढ़ शासन के आदिम जाति विकास विभाग से प्राप्त निर्देशों के अनुरूप बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में निवासरत विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह पहाड़ी कोरवा के पीवीटीजी इनटाइटलमेंट कार्ड सर्वेक्षण के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा द्वारा जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है।

गठित समिति में कलेक्टर अध्यक्ष होंगे। जिला पंचायत सीईओ, वन मंडलाधिकारी, सदस्य होंगे। इसी प्रकार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, उप संचालक कृषि विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला खाद्य अधिकारी, कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, कार्यपालन अभियंता विद्युत विभाग, कार्यपालन अभियंता प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, उप संचालक समाज कल्याण विभाग, कार्यपालन अभियंता क्रेडा, सहायक संचालक कौशल विकास, लीड बैंक मैनेजर बलरामपुर, कनिष्ठ टेलिकॉम अधिकारी भारतीय दूरसंचार निगम लिमिटेड बलरामपुर तथा जिला प्रबंधक जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी को सदस्य नामित किया गया है। इसके अतिरिक्त सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग को समिति का सदस्य सचिव बनाया गया है।

उक्त समिति जिले में निवासरत विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह पहाड़ी कोरवा परिवारों के लिए पीवीटीजी इनटाइटलमेंट कार्ड सर्वेक्षण की मॉनिटरिंग, समन्वय एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करेगी, ताकि पात्र परिवारों को शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराया जा सके।

**विकासखण्ड स्तरीय समिति का गठन**

पीवीटीजी इनटाइटलमेंट कार्ड सर्वेक्षण के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा के द्वारा जिले के विकासखण्ड बलरामपुर, राजपुर, शंकरगढ़ एवं कुसमी में विकासखण्ड स्तरीय समिति का गठन किया गया है।

गठित समितियों में संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अध्यक्ष होंगे। संबंधित सभी विकासखण्ड के वन परिक्षेत्र अधिकारी, विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना अधिकारी, सहायक खाद्य अधिकारी, सहायक अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, सहायक अभियंता छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी तथा सहायक अभियंता प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना समिति के सदस्य होंगे।

उक्त समितियाँ अपने-अपने विकासखण्डों में विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह पहाड़ी कोरवा परिवारों की पहचान कर पीवीटीजी इनटाइटलमेंट कार्ड सर्वेक्षण का कार्य समन्वित रूप से संपादित करेंगी।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना से संपन्न हुआ कलावती का विवाह, योजना से सपने पूरे कर खुशहाल जीवन कर रही व्यतीत

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं जरूरतमंद परिवारों के लिए संबल बनी है, जिसके माध्यम से निम्नवर्गीय परिवारों की बेटियों का विवाह संपन्न कराया जा रहा है। ऐसे ही जिले की कई बेटियां योजना से लाभान्वित हुई हैं।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की लाभार्थी विकासखंड कुसमी के ग्राम पंचायत लरिमा की निवासी श्रीमती कलावती के जीवन में खुशियों ने दस्तक दी है। श्रीमती कलावती बताती हैं कि परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी। उनके पिता के लिए विवाह का खर्च उठाना काफी मुश्किल था। ऐसे में उन्हें चिंता रहती थी कि उनकी शादी कैसे होगी। तब शासन की मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना कलावती के जीवन में आशा की नई किरण बनकर आई। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के माध्यम से उन्हें मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के बारे में



जानकारी मिली। योजना की जानकारी मिलने के बाद उन्होंने आवेदन किया। शासन-प्रशासन के प्रयासों से उनका आवेदन स्वीकृत हुआ और मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत उनका विवाह विधिवत सम्पन्न कराया गया। योजनांतर्गत कलावती के खाते में चेक के माध्यम से 35 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी गई।

श्रीमती कलावती बताती हैं कि योजना की सहायता से उनके पिता को विवाह के लिए किसी से भी कर्ज लेने की आवश्यकता नहीं पड़ी। शासन की इस पहल से उनका निर्विघ्न विवाह संपन्न हुआ और पूरा परिवार खुश है। वे कहती हैं कि उन्हें अच्छा जीवनसाथी मिला है और वे अपने वैवाहिक जीवन में सुखपूर्वक गृहस्थ जीवन व्यतीत कर रही हैं।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना से मिली सहायता के लिए शासन और महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कलावती कहती हैं योजना से जरूरतमंद परिवारों को सहारा मिला है। इस योजना से बेटियों के शादी के सपने पूरे हो रहे हैं।

# खदान से कोयला, कबाड़ और केबल के बाद अब राखड़ चोरी का मामला

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की बंद पड़ी ओपन कास्ट माइंस ओसीएम खदान अब एक नए तरह की चोरी को लेकर चर्चा में आ गई है। पहले जहां खदानों से कोयला, कबाड़, केबल और डीजल चोरी होने की घटनाएं सामने आती थीं, वहीं अब खदान से फ्लाई ऐश राखड़ की चोरी का मामला सामने आने से क्षेत्र में हलचल मच गई है। बताया जा रहा है कि पिछले डेढ़ से दो माह से संगठित तरीके से रात के अंधेरे में भारी मशीनों की मदद से राखड़ निकालकर बेचा जा रहा है। गौरतलब है कि एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की बंद पड़ी ओसीएम खदान में कोयला उत्पादन बंद होने के बाद खदान को भरने के लिए विभिन्न पावर प्लांटों से निकलने वाले फ्लाई ऐश की भराई का काम किया जा रहा था। यह कार्य लगभग एक वर्ष तक लगातार चला। हाल ही में क्वारी नंबर-1 में करीब 13 लाख क्यूबिक मीटर फ्लाई ऐश की भराई पूरी होने के बाद यह काम बंद कर दिया गया था। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक खदान में डंप



किए गए राखड़ पर अब कुछ लोगों की नजर पड़ गई है। बताया जा रहा है कि रात के समय डोजर और चैन माउंटेन जैसी भारी मशीनों की मदद से राखड़ को ट्रकों में लोड किया जा रहा है। इसके बाद इसे कथित रूप से आसपास के फ्लाई ऐश ईंट उद्योग संचालकों के अलावा क्षेत्र में बन रहे ओवरब्रिज के निर्माण कार्य में लगे ठेकेदारों को बेच दिया जा रहा है। इस अवैध कारोबार में शामिल लोग सुनियोजित तरीके से खदान क्षेत्र में प्रवेश कर मशीनों से राखड़ लोड करते हैं और देर रात ट्रकों के माध्यम से बाहर ले जाते हैं। लगातार हो रही इस गतिविधि से खदान क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।ओसीएम खदान के मैनेजर विजय कुमार सिंह ने बताया कि एनटीपीसी के लारा, सीपत, कोरबा और रायगढ़ स्थित पावर प्लांटों से अनुबंध के तहत फ्लाई ऐश लाकर खदान में भराई की गई थी। भराई का मुख्य उद्देश्य खदान के गड्ढों को भरकर जमीन को समतल बनाना था, ताकि भविष्य में वहां मिट्टी भरकर वृक्षारोपण किया जा सके और क्षेत्र को पर्यावरणीय रूप से सुरक्षित बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि खदान क्षेत्र से राखड़ चोरी होने की जानकारी प्रबंधन को मिली है। इस मामले में पुलिस थाने को लिखित सूचना दे दी गई है और मामले की जांच की जा रही है।गौरतलब है कि खदानों में चोरी की घटनाएं पहले भी सामने आती रही हैं। कई बार खदान क्षेत्र से कोयला, लोहे का कबाड़, केबल, डीजल और मशीनों के स्पेयर पार्ट्स चोरी होने की शिकायतें मिलती रही हैं। लेकिन अब राखड़ चोरी का यह नया तरीका सामने आने से प्रबंधन के साथ-साथ सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं।

# राज्य ओपन स्कूल परीक्षा 16 मार्च से

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल परीक्षा 16 मार्च से 08 अप्रैल 2026 तक प्रातः 08:30 से 11:45 बजे तक अयोजित होगी। परीक्षा के सफल संचालन के लिए जिले में 07 परीक्षा केन्द्र बनाएं गए हैं। जिसके अंतर्गत स्वाामी आत्मानंद उत्कृष्ट (हिन्दी माध्यम) विद्यालय बलरामपुर, शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय रामानुजगंज, शासकीय बालक उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय शंकरगढ़, शासकीय बालक उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय राजपुर, शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय वाड्रफनगर, शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बरतीकला, शासकीय बालक उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय कुसमी को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

परीक्षा के लिए कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा के द्वारा उड़नदस्ता दल का भी गठन किया गया है। कलेकटर द्वारा जारी आदेश में अनुभाग बलरामपुर के लिए अनुविभागीय दण्डाधिकारी को दल प्रभारी एवं विकासखण्ड शिक्षाधिकारी व महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक को सदय बनाया गया है। इसी प्रकार अनुभाग रामानुजगंज के लिए अनुविभागीय दण्डाधिकारी को दल प्रभारी एवं विकासखण्ड शिक्षाधिकारी व महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक को सदस्य, अनुभाग शंकरगढ़ के लिए तहसीलदार शंकरगढ़ को दल प्रभारी एवं विकासखण्ड शिक्षाधिकारी व महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक को सदस्य, अनुभाग राजपुर के लिए अनुविभागीय दण्डाधिकारी को दल प्रभारी एवं तहसीलदार व विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी को सदस्य, अनुभाग वाड्रफनगर के लिए अनुविभागीय दण्डाधिकारी को दल प्रभारी एवं विकासखण्ड शिक्षाधिकारी व महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक को सदस्य तथा अनुभाग कुसमी के लिए अनुविभागीय दण्डाधिकारी को दल प्रभारी एवं विकासखण्ड शिक्षाधिकारी व महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी को सदस्य बनाया गया है।

# सामान्य सभा की बैठक आज



**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक 13 मार्च 2026 को दोपहर 12:00 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में कृषि विभाग, जल संसाधन, उद्यान एवं श्रम विभाग के अंतर्गत विभागीय योजना की समीक्षा सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा एवं कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

# दो वर्षों से बंद सोलर प्लांट, अंधेरे में रेडियापारा के ग्रामीण, बच्चो की पढ़ाई प्रभावित

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

चांदनी बिहारपुर। क्षेत्र के ग्राम पंचायत खैरा के रेडियापारा में क्रेडा विभाग द्वारा स्थापित 10 किलोवाट सोलर पावर प्लांट पिछले लगभग दो वर्षों से बंद पड़ा हुआ है। करीब 10 वर्ष पूर्व लगाया गए प्लांट जिसका बैटरी की कम्पनी द्वारा 5 वर्ष की वारंटी दी गई थी जो 5 वर्ष पूर्व समाप्त हो चुकी है, बावजूद इसके विभाग द्वारा इस ओर ध्यान नहीं किया जा रहा है सोलर सिस्टम का इनवर्टर और बैटरी पूरी तरह खराब हो जाने के कारण गांव में रोशनी की व्यवस्था ठप हो गई है। इससे पूरे गांव में अंधेरा पसरा रहता है और ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़



रहा है। ग्रामीणों के अनुसार गांव में पहले से ही विद्युत लाइन की सुविधा उपलब्ध नहीं है। इसी समस्या को देखते हुए संबंधित विभाग द्वारा गांव में सोलर पावर प्लांट स्थापित कर ग्रामीणों के घरों में रोशनी पहुंचाने की व्यवस्था की गई थी। प्रारंभिक समय में इससे ग्रामीणों को काफी राहत मिली और घरों में रोशनी के साथ बच्चों की पढ़ाई भी सुचारू रूप से होने लगी।।लेकिन कुछ समय बाद सोलर सिस्टम की बैटरी और इनवर्टर खराब हो गए। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले करीब दो वर्षों से यह सिस्टम पूरी तरह बंद पड़ा है। कई बार विभागीय अधिकारियों और जिला प्रशासन को इसकी जानकारी दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। इससे ग्रामीणों में नाराजगी और निराशा का माहौल है।

### हाथी प्रभावित क्षेत्र में अंधेरे से बढ़ा खतरा

रेडियापारा क्षेत्र हाथी प्रभावित इलाका माना जाता है। यहां आए दिन जंगली हाथियों के दल गांव के आसपास पहुंच जाते हैं। अंधेरा होने के कारण ग्रामीणों के लिए स्थिति और भी भयावह हो जाती है। रात के समय खेतों या घरों से बाहर निकलना जोखिम भरा हो जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि रोशनी न होने से हाथियों और अन्य वन्य जीवों की गतिविधियों का समय रहते पता नहीं चल पाता, जिससे जान माल का खतरा बना रहता है। गांव में बिजली व्यवस्था ठप होने का सबसे अधिक असर बच्चों की पढ़ाई पर पड़ रहा है। अंधेरा होते ही पूरे गांव में सन्नाटा और अंधकार छा जाता है। ऐसे में बच्चों को पढ़ाई के लिए पर्याप्त रोशनी नहीं मिल पाती। ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द व्यवस्था नहीं सुधरी तो बच्चों की शिक्षा पर इसका गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। जहरीले कीड़ों का भी खतरा अंधेरे के कारण ग्रामीणों को बना रहता है। रात के समय घरों के आसपास या रास्तों में निकलना मुश्किल हो जाता है।

# विधानसभा में स्वास्थ्य मंत्री का बड़ा ऐलान: अस्पतालों में की गई अटैचमेंट नियुक्तियों होंगी रद्द

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर । छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र का गुरुवार को नौवां दिन रहा। सदन की कार्यवाही सुबह 11 बजे प्रश्नकाल से शुरू हुई, जिसमें कई विभागों के कामकाज और बजट को लेकर चर्चा हुई। इसी दौरान स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने एक बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में की गई अटैचमेंट नियुक्तियों को रद्द किया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के अस्पतालों से कर्मचारियों को अटैच कर शहरी अस्पतालों में पदस्थ किया गया है, जिससे गांवों में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। इसी स्थिति को



देखते हुए सरकार ने ऐसे सभी अटैचमेंट को निरस्त करने का निर्णय लिया है, ताकि ग्रामीण अस्पतालों में पर्याप्त स्टाफ उपलब्ध रह सके। प्रश्नकाल के दौरान मंत्री अपने ही दल की विधायक लता उसेंडी के सवालों से भी घिरते नजर आए। लता उसेंडी ने स्वास्थ्य विभाग में कार्य पूरा होने के बावजूद भुगतान नहीं होने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि कई मामलों में ठेकेदारों ने काम पूरा कर दिया, लेकिन अब तक उन्हें भुगतान नहीं किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि विभाग के अधिकारी कभी मौखिक वर्क ऑर्डर के आधार पर भुगतान कर देते हैं, तो कभी उसी आधार पर भुगतान से इंकार कर देते हैं। विधायक ने यह भी कहा कि नौ महीने पहले अधिकारियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस मुद्दे पर विपक्षी विधायकों ने भी सरकार को घेरते हुए स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए और जवाब की मांग की। सदन में इस विषय को लेकर कुछ समय तक तीखी बहस देखने को मिली।

# जिले के 71 केन्द्रों में हायर सेकेंडरी की विभिन्न विषयों की परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

## उड़नदस्ता दल ने किया निरीक्षण

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

अम्बिकापुर - छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हायर सेकेंडरी सर्टिफिकेट मुख्य परीक्षा 2026 अंतर्गत 12 मार्च को सरगुजा जिले के 71 परीक्षा केन्द्रों में इतिहास, व्यवसाय अध्ययन, कृषि विज्ञान के तत्व एवं गणित, ड्राइंग एंड पेंटिंग तथा आहार पोषण विषयों की परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न हुई। परीक्षा की पारदर्शिता एवं सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर श्री अजीत वसंत द्वारा गठित उड़नदस्ता दल ने विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लुण्ड्रा परीक्षा केन्द्र का अवलोकन किया गया। इसी प्रकार जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा गठित उड़नदस्ता दल ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुलिस लाइन तथा शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अम्बिकापुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी केन्द्रों में परीक्षा निर्धारित दिशा-निदेर्शों के अनुरूप शांतिपूर्ण ढंग से संचालित होती पाई गई। परीक्षा में विद्यार्थियों की उपस्थिति के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार इतिहास विषय में कुल 1943 विद्यार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 1899 उपस्थित रहे तथा 44 अनुपस्थित रहे। व्यवसाय अध्ययन विषय में 1303 विद्यार्थी पंजीकृत थे, जिनमें 1289 उपस्थित एवं 14 अनुपस्थित रहे। कृषि विज्ञान के तत्व एवं गणित विषय में 521 विद्यार्थी पंजीकृत थे, जिनमें 510 उपस्थित एवं 11 अनुपस्थित रहे। ड्राइंग एंड पेंटिंग विषय में 15 विद्यार्थी पंजीकृत थे और सभी 15 विद्यार्थी उपस्थित रहे। वहीं आहार पोषण विषय में 66 विद्यार्थी पंजीकृत थे, जिनमें 63 उपस्थित एवं 3 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे।

# कलेक्टर के निरीक्षण में आंबा केंद्र व बा. छात्रावास में पाई गई अनियमितता, नोटिस जारी

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

सूरजपुर। गुरुवार को कलेक्टर एस. जयवर्धन ने जिले के भैयाथान विकासखंड क्षेत्र के शिवप्रसादनगर का दौरा कर विभिन्न संस्थाओं एवं निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमितताओं पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने शिवप्रसाद नगर स्थित आंगनबाड़ी भवन का अवलोकन किया और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र का नियमित निरीक्षण नहीं करने तथा पाई गई अनियमितताओं में सुधार नहीं किए जाने पर सुपरवाइजर रोजबीना कुजूर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी को दिए। इसके अलावा कलेक्टर ने प्रीमैट्रिक बालक छात्रावास का निरीक्षण किया। छात्रावास परिसर में बच्चों के पेयजल स्त्रोत के आसपास साफ-सफाई नहीं पाए जाने पर अधीक्षक विजय पैकरा को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग को दिए। वहीं क्षेत्र में निर्मित सीसी रोड की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं पाए जाने पर तकनीकी सहायक कृष्ण सोनवानी को भी कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए हैं। इस निरीक्षण के दौरान डिप्टी कलेक्टर रमेश मोर, आरईएस एसडीओ सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# बढ़ती गर्मी पर सतर्क स्वास्थ्य विभाग, जिले में हीटवेव प्रबंधन की विशेष तैयारी

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

सूरजपुर। जिले में इन दिनों लगातार तापमान के बढ़ते क्रम और संभावित हीटवेव की आशंका को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने समय रहते कमर कस ली है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. के.डी. पैकरा के मार्गदर्शन में जिला से लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों तक विशेष तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं, छत्तीसगढ़ द्वारा जारी एडवाइजरी के अनुरूप डॉ. पैकरा ने जिला अस्पताल, सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में हीट स्ट्रोक प्रबंधन कक्ष सक्रिय रखने के निर्देश दिए हैं। इन सभी केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में



ओआरएस, आईवी फ्लूड, जीवन रक्षक दवाइयां तथा शीतलन संबंधी समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं, ताकि गर्मी से प्रभावित मरीजों को बिना किसी विलंब के तत्काल उपचार मिल सके।

### अलर्ट पर एम्बुलेंस, कमजोर वर्गों पर नजर

स्वास्थ्य विभाग ने एम्बुलेंस सेवाओं को भी अलर्ट मोड में रखने के निर्देश दिए हैं, जिससे आपात स्थिति में त्वरित चिकित्सा सहायता सुनिश्चित की जा सके। विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं, खुले में काम करने वाले श्रमिकों और बेघर व्यक्तियों जैसे उच्च जोखिम वाले समूहों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं।

### अपील, सावधानी ही सुरक्षा

सीएमएचओ डॉ. के.डी. पैकरा ने जिलेवासियों से अपील की है कि दोपहर की तेज धूप में अनावश्यक बाहर निकलने से बचें, भरपूर पानी पिएं और शरीर को हाइड्रेट रखें। उन्होंने कहा कि यदि किसी को अत्यधिक पसीना, चक्कर, सिरदर्द, उल्टी या बेहोशी जैसे लू के लक्षण दिखाई दें, तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र से संपर्क करें।

# मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के विभागों के लिए लगभग 11763 करोड़ रुपये की अनुदान मांगें पारित

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर ।छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के विभागों के लिए 11 हजार 762 करोड़ 53 लाख रूपए की अनुदान मांगें पारित कर दी गईं है। इनमें महिला एवं बाल विकास विभाग के लिए 10,162 करोड़ 53 लाख रूपए तथा समाज कल्याण विभाग के लिए 1600 करोड़ रूपए से अधिक का बजट प्रावधान किया गया है। मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने सदन में



चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि राज्य सरकार मातृशक्ति के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में महिलाओं, बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए अनेक योजनाओं का प्रभावी संचालन कर रही है। श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि महतारी वंदन योजना राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना में से एक है। यह योजना राज्य की महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक पहल साबित हुई है। इसके तहत प्रदेश की लगभग 70 लाख महिलाओं को लाभान्वित किया जा रहा है। अब तक 25 किश्तों में 14 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि प्रदान की जा चुकी है। इससे महिलाओं के जीवन में आर्थिक मजबूती के साथ आत्मनिर्भरता को भी बढ़ावा मिला है और उनके जीवन में स्वावलंबन लाने का काम किया है। श्रीमती राजवाड़े ने सदन में कहा कि महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य तथा पोषण को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के लिए 120 करोड़ रुपये तथा मिशन वात्सल्य योजना के लिए 80 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। प्रदेश में आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन के लिए 800 करोड़ रुपये तथा पूरक पोषण आहार के लिए 650 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है। आंगनबाड़ी केंद्रों के उन्नयन और आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए भी विशेष प्रावधान किया गया है। श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि किशोरी बालिकाओं के स्वास्थ्य और पोषण के लिए किशोरी बालिका योजना के लिए 40 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

# अंबिकापुर आईटीआई में 20 मार्च को मेगा कैंपस प्लेसमेंट, टाटा मोटर्स व हिंडाल्को करेंगी अपरेंटिसशिप चयन

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

अम्बिकापुर शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) अंबिकापुर में 20 मार्च 2026 को मेगा कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया जाएगा। इस प्लेसमेंट ड्राइव में देश की प्रतिष्ठित कंपनियां टाटा मोटर्स लिमिटेड (पंत नगर, उत्तर प्रदेश) तथा हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड (रेणुकूट, उत्तर प्रदेश) द्वारा आईटीआई उत्तीर्ण एवं अंतिम वर्ष के प्रशिक्षणार्थियों का अपरेंटिसशिप हेतु चयन किया जाएगा। संस्था के प्राचार्य ने बताया कि इस कैंपस प्लेसमेंट में आईटीआई पासआउट अभ्यर्थी एवं अंतिम वर्ष में अध्ययनरत प्रशिक्षणार्थी भाग ले सकते हैं। चयन प्रक्रिया के माध्यम से तकनीकी एवं गैर-तकनीकी दोनों प्रकार के ट्रेडों के लिए अवसर उपलब्ध रहेंगे। कंपनियों द्वारा जिन प्रमुख ट्रेडों के लिए चयन किया जाएगा उनमें कोपा (उडढअ), स्टेनो हिन्दी, सिविंग टेक्नोलॉजी, फिटर, वेल्डर, टर्नर, मशीनिस्ट, इलेक्ट्रीशियन, वायरमैन, रेफ्रिजरेशन एवं एयर कंडीशनिंग (फअउ), मैकेनिक मोटर व्हीकल, डीजल मैकेनिक तथा शीट मेटल शामिल हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 20 मार्च 2026 को प्रातः 10 बजे शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, अंबिकापुर में अपने सभी मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित हो सकते हैं। अभ्यर्थियों को शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड तथा 02 पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाना अनिवार्य होगा। संस्था द्वारा क्षेत्र के सभी पात्र एवं इच्छुक युवाओं से इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की गई है, जिससे उन्हें प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार प्राप्त करने का अवसर मिल सके।

# मंत्री नेताम के विभागों के लिए 50 हजार करोड़ से ज्यादा की अनुदान मांगें पारित

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा में बुधवार को कृषि एवं अनुसूचित जनजाति विकास मंत्री रामविचार नेताम के विभागों के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 50 हजार 537 करोड़ 98 लाख 68 हजार रूपए की अनुदान मांगे पारित की गईं। इसमें कृषि विभाग के लिए 7075 करोड़ 90 लाख 56 हजार रूपए, पशुपालन विभाग के लिए 656 करोड़ 12 लाख 49 हजार रूपए, मछली पालन विभाग के लिए 110 करोड़ 67 लाख 30 हजार रूपए की अनुदान मांगें शामिल हैं। इसी प्रकार आदिम जाति कल्याण के लिए 157 करोड़ 05 लाख 58 हजार रूपए, अनुसूचित जनजाति उपयोजना के लिए 39,568 करोड़ 18 लाख 20 हजार रूपए, अनुसूचित जनजाति उपयोजना से संबंधित लोक निर्माण कार्य-सड़कें और पुल के लिए 1596 करोड़ 89 लाख रूपए, कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा से संबंधित व्यय के लिए 447 करोड़ 30 लाख रूपए, अनुसूचित जनजाति उपयोजना से संबंधित लोक निर्माण कार्य-भवन के लिए 215 करोड़ 69 लाख 19 हजार रूपए, अनुसूचित जनजाति उपयोजना के अंतर्गत त्रिस्तरीय पंचायत राज संस्थाओं को वित्तीय सहायता के लिए 453 करोड़ 91 लाख 68 हजार रूपए तथा अनुसूचित जनजाति उपयोजना के अंतर्गत नगरीय निकायों को वित्तीय सहायता के लिए 256 करोड़ 24 लाख 68 हजार रूपए शामिल हैं। कृषि एवं संबद्ध विभागों तथा अनुसूचित जनजाति विकास विभाग की अनुदान मांगों पर हुई चर्चा का उत्तर देते हुए रामविचार नेताम ने कहा कि छत्तीसगढ़ का मूलभाव खेती-किसानी से जुड़ा है। यह हमारी आत्मा में बसी हुई है। राज्य में 70-80 प्रतिशत लोगों की कृषि पर निर्भरता है। छत्तीसगढ़ जनजातीय बाहुल्य प्रदेश भी है। राज्य में विश्व स्तरीय जनजातीय संग्रहालय बनाकर हमने इतिहास में जगह नहीं पाने वाले जनजातीय नायकों को स्थान दिया है। हमारे इस विश्व स्तरीय डिजिटल संग्रहालय के अध्ययन के लिए देश-विदेश के विशेषज्ञ और अधिकारी आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद की समाप्ति के बाद बस्तर अब विकास की तेज उड़ान के लिए तैयार है। केन्द्र सरकार और राज्य सरकार के लगातार प्रयासों से नक्सलवाद के खात्मे के बाद अब बस्तर अमन-चैन और खुशहाली के रास्ते की ओर अग्रसर हैं। उन्होंने कहा कि आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट को हमने संकल्प की थीम पर तैयार किया है। इस संकल्पह्व से ही हम राज्य के विकास की सिद्धि को हासिल करेंगे।

# जिले में व्यापक प्रचार कर अग्निवीर भर्ती हेतु युवाओं को किया जा रहा प्रेरित

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

सूरजपुर। जिला रोजगार कार्यालय द्वारा भारतीय थल सेना अग्निवीर भर्ती 2026 के पूर्व पंजीयन को लेकर जिले भर में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले के समस्त जनपद पंचायत, नगर पंचायत, महाविद्यालय, पॉलीटेक्निक, आई.टी.आई. एवं विद्यालयों में पाम्पलेट और फ्लैक्स के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इस अभियान को विशेष गति देते हुए भूतपूर्व पैराकमांडो श्री पुरुषोत्तम चंद्रा, सैनिक कल्याण बोर्ड बिलासपुर के द्वारा आई.टी.आई. शिवनंदनपुर, शासकीय महाविद्यालय विश्रामपुर, आई.टी.आई. भटगांव एवं शासकीय महाविद्यालय भैयाथन में विशेष मार्गदर्शन सत्र आयोजित किए गए। इन सत्रों में पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से अग्निवीर भर्ती की संपूर्ण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई तथा युवाओं का मनोबल बढ़ाते हुए उन्हें सेना में कैरियर बनाने हेतु अभिप्रेरित किया गया ।रोजगार कार्यालय सूरजपुर द्वारा संचालित कैरियर मार्गदर्शन कैम्पों में उपस्थित विद्यार्थियों को न केवल अग्निवीर बनने, बल्कि अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए भी प्रोत्साहित किया गया। साथ ही महाविद्यालयों के प्राध्यापकों को भी युवाओं को सेना एवं सरकारी सेवाओं की ओर प्रेरित करने हेतु अभिप्रेरित किया गया। मार्गदर्शन कार्यक्रमों में महाविद्यालय एवं आई. टी. आई. के समस्त स्टाफ, छात्र छात्राएं तथा रोजगार कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ में बनेगा कर्मचारी चयन मंडल, व्यापम होगा भंग

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर । मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में राज्य में कर्मचारी चयन मंडल के गठन को मंजूरी दे दी गई है। इस फैसले के बाद अब राज्य सिविल सेवा परीक्षा को छोड़कर अधिकांश सरकारी भर्तियां इसी नए मंडल के माध्यम से की जाएंगी। सरकार के फैसले के बाद छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) को भंग कर दिया जाएगा और उसकी जगह कर्मचारी चयन मंडल काम करेगा। कैबिनेट में पारित प्रस्ताव के अनुसार नया मंडल व्यापम की तुलना में अधिक सशक्त होगा और भर्ती प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी और तेज बनाने की दिशा में काम करेगा। राज्यपाल की अधिसूचना जारी होते ही व्यापम को समाप्त कर दिया जाएगा। वर्तमान में व्यापम की अध्यक्ष रेणु पिल्ले ही कर्मचारी चयन मंडल की चेयरमैन होंगी। हालांकि नए मंडल में चेयरमैन के साथ-साथ पीएससी की तरह सदस्यों की भी नियुक्ति की जाएगी। चेयरमैन और सदस्य सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारी होंगे और सभी महत्वपूर्ण फैसले पूर्ण बोर्ड द्वारा लिए जाएंगे।

### भर्ती में गड़बड़ियों के बाद लिया फैसला

पिछले समय में शिक्षक और पुलिस कांस्टेबल भर्ती जैसी प्रक्रियाओं में सामने आई समस्याओं के बाद सरकार ने मजबूत भर्ती तंत्र बनाने का फैसला किया। कई मामलों में भर्ती प्रक्रिया में देरी और चयन में गड़बड़ियों की शिकायतें सामने आई थीं, जिसके कारण हजारों पद खाली रह गए थे। नए कर्मचारी चयन मंडल का उद्देश्य विभिन्न विभागों की समान प्रकृति की परीक्षाओं को एक साथ आयोजित करना है। इसके लिए परीक्षा कैलेंडर जारी किया जाएगा और तय समय में परीक्षा और परिणाम घोषित किए जाएंगे। इससे युवाओं को लंबे समय तक रिजल्ट का इंतजार नहीं करना पड़ेगा।


### जिला स्तर की भर्तियां भी होंगी केंद्रीकृत

सरकार जिला स्तर पर होने वाली चतुर्थ श्रेणी और अन्य भर्तियों को भी कर्मचारी चयन मंडल के अधीन लाने की तैयारी में है। इससे भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता बढ़ाने और अनियमितताओं पर रोक लगाने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह ने कहा कि कई राज्यों के भर्ती बोर्डों का अध्ययन करने के बाद यह मॉडल तैयार किया गया है। उनका कहना है कि यह नया मंडल राज्य में समयबद्ध और पारदर्शी भर्ती प्रणाली स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

## सम्पादकीय

# जमाखोरी पर कड़ी नजर से ही जरूरतमंद को मिलेगी गैस

देश में इन दिनों कॉमर्शियल गैस सिलेंडरों की किल्लत गहराती जा रही है। कई राज्यों में सप्लाई पर रोक लगाने से होटल, ढाबों, रेस्टोरेंट्स और हॉस्टलों के सामने गैस का संकट खड़ा हो गया है। ऐसे हालात में सबसे बड़ी चिंता यह है कि कहीं गैस की कालाबाजारी और जमाखोरी न बढ़ जाए। अगर समय रहते सरकार ने इस पर सख्त निगरानी नहीं रखी तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। इसलिए आवश्यक है कि गैस की आपूर्ति व्यवस्था को पारदर्शी बनाया जाए और जमाखोरी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि गैस वास्तव में जरूरतमंदों तक पहुंच सके। गैस की किल्लत का मुख्य कारण पश्चिम एशिया में बढ़ता तनाव माना जा रहा है। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच बढ़े टकराव के कारण हॉर्मुज जलमार्ग से गैस आपूर्ति प्रभावित हुई है। यह मार्ग विश्व के ऊर्जा व्यापार का एक महत्वपूर्ण रास्ता है और इसके बाधित होने से कई देशों की ऊर्जा आपूर्ति पर असर पड़ता है। भारत भी इससे अछूता नहीं रहा है। इसी वजह से देश में एलएनजी की आपूर्ति प्रभावित हुई और गैस वितरण व्यवस्था पर दबाव बढ़ गया। इस स्थिति को देखते हुए केंद्र सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता देने का फैसला किया है। रसोई गैस (एलपीजी) और पाइप से मिलने वाली गैस (पीएनजी) को 100 प्रतिशत उपलब्धता के साथ सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। इसके अलावा परिवहन क्षेत्र के लिए सीएनजी और उर्वरक संयंत्रों को भी प्राथमिकता दी गई है, क्योंकि इनका संबंध सीधे आम लोगों की जरूरतों और कृषि उत्पादन से है। गैस वितरण और प्रबंधन की जिम्मेदारी भी गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड को दी गई है। इसका असर कॉमर्शियल गैस उपभोक्ताओं पर भी पड़ रहा है। होटल, ढाबे, रेस्टोरेंट और छोटे उद्योग गैस की कमी से जूझ रहे हैं। ऐसे में इन्हें भी प्राथमिकता वाले क्षेत्र में रखा जाना चाहिए। दरअसल, होटल और ढाबे सिर्फ व्यापार नहीं हैं, बल्कि लाखों लोगों की आजीविका से जुड़े हुए हैं। इनसे जुड़े रसोइयों, वेटरों, डिलीवरी कर्मियों और अन्य कर्मचारियों की रोजी-रोटी इसी पर निर्भर करती है। यदि गैस की कमी के कारण यह कारोबार ठप पड़ता है तो इसका असर सीधे रोजगार और स्थानीय अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। ऐसे संकट के समय में सबसे बड़ा खतरा जमाखोरी और कालाबाजारी का होता है। इतिहास गवाह है कि जब भी किसी जरूरी वस्तु की कमी होती है तो कुछ लोग इसका अनुचित लाभ उठाने की कोशिश करते हैं। कोरोना महामारी के दौरान ऑक्सीजन गैस की किल्लत के समय भी यही हुआ था। कई जगहों पर जमाखोरों ने ऑक्सीजन सिलेंडरों को छिपाकर रखा और जरूरतमंदों से मनमाने दाम वसूले। इसी खतरे को देखते हुए केंद्र सरकार ने 'आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955' लागू किया है। इस कानून के तहत सरकार किसी भी जरूरी वस्तु की सप्लाई और कीमतों को नियंत्रित कर सकती है तथा जमाखोरी पर रोक लगा सकती है। गैस की मौजूदा स्थिति में यह कदम बेहद जरूरी है, लेकिन केवल कानून बना देना पर्याप्त नहीं होगा। इसका सख्ती से पालन भी सुनिश्चित करना होगा। सरकार को चाहिए कि गैस एजेंसियों, गोदामों और वितरण केंद्रों की नियमित निगरानी की जाए। यदि सरकार जमाखोरी और कालाबाजारी पर सख्त नजर रखे, वितरण व्यवस्था को पारदर्शी बनाए और सभी क्षेत्रों की जरूरतों के बीच संतुलन स्थापित करे, तो इस संकट से प्रभावी ढंग से निपटा जा सकता है। तभी यह सुनिश्चित होगा कि गैस वास्तव में उन लोगों तक पहुंचे, जिन्हें इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है।



## जल संयंत्र
प्रमोद भार्गव


ईरान के परमाणु हथियारों को लेकर शुरू हुई लड़ाई अब पानी पर हमले और उसकी सुरक्षा के उपायों तक पहुंच गई है। ईरान के विदेश मंत्री ने आरोप लगाया है कि अमेरिकी हमले में होर्मुज जलडमरूमध्य के निकट केशम द्वीप स्थित एक खारे पानी को मीठा बनाने वाला जल संयंत्र क्षतिग्रस्त हुआ है, इससे 30 ग्रामों की जल आपूर्ति प्रभावित हुई है। इसके बाद ईरान ने बहरीन के संयंत्र को निशाना बनाया। इन हमलों नें बता दिया कि ईरान-अमेरिका का यह युद्ध अब सिर्फ सैन्य या तेल प्रतिष्ठानों तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि खाड़ी देशों के जल संयंत्रों के विनाश तक पहुंच गया है। चिंता की बात यह है कि खाड़ी देशों की बड़ी आबादी शुद्ध पानी के लिए इन्हीं जल संयंत्रों पर आश्रित है।

# खाड़ी देशों में पानी पर हमले से संकट

ईरान के परमाणु हथियारों को लेकर शुरू हुई लड़ाई अब पानी पर हमले और उसकी सुरक्षा के उपायों तक पहुंच गई है। ईरान के विदेश मंत्री ने आरोप लगाया है कि अमेरिकी हमले में होर्मुज जलडमरूमध्य के निकट केशम द्वीप स्थित एक खारे पानी को मीठा बनाने वाला जल संयंत्र क्षतिग्रस्त हुआ है, इससे 30 ग्रामों की जल आपूर्ति प्रभावित हुई है। इसके बाद ईरान ने बहरीन के संयंत्र को निशाना बनाया। इन हमलों नें बता दिया कि ईरान-अमेरिका का यह युद्ध अब सिर्फ सैन्य या तेल प्रतिष्ठानों तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि खाड़ी देशों के जल संयंत्रों के विनाश तक पहुंच गया है। इस परिप्रेक्ष्य में चिंता की बड़ी बात है कि खाड़ी देशों की आबादी की बड़ी संख्या पीने के शुद्ध पानी के लिए इन्हीं जल संयंत्रों पर आश्रित है। अतएव इन पर आक्रमण समूचे खाड़ी क्षेत्र में भयावह जल संकट पैदा कर सकता है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने कहा था कि अगला विश्व युद्ध पानी के लिए होगा।

अब पूरे मध्य एशिया में जो युद्ध की भयानक स्थिति देखने में आ रही है, उससे लगता है पानी के लिए युद्ध छिड़ गया है। पानी की सुरक्षा को सबसे बड़ा संकट माना जा रहा है। हालात इतने गंभीर हो गए हैं कि खाड़ी के देशों ने अपने समुद्री पानी को मीठा बनाने वाले संयंत्रों को तेल प्रतिष्ठानों से कहीं अधिक बड़ी सुरक्षा दे दी है। यहां तक की ड्रोन और मिसाइलें भी तैनात कर दिए हैं, जिससे किसी भी आसमानी हमले को तुरंत आसमान में ही नष्ट कर दिया जाए। संयंत्रों के साथ बिजली घर भी जुड़े होते हैं। ऐसे में विद्युत ढांचों पर हमले भी पानी के उत्पादन को प्रभावित कर सकते हैं। यदि किसी बड़े संयंत्र को गंभीर नुकसान होता है तो कई नगर कुछ ही दिनों में पेयजल संकट से जूझ जाएंगे। इस कारण ड्रोन और मिसाइलें भी तैनात कर दिए हैं, जिससे किसी भी आसमानी हमले को तुरंत आसमान में ही नष्ट कर दिया जाए। अमेरिका और इजराइल ने लड़ाकू विमानों लेबनान की राजधानी तेहरान में केमिकल टॉक्सिक बमों से भीषण हमला किया है। इस कारण तेहरान के 30 बड़े तेल भंडार तबाह हो गए हैं। तेहरान आग की लपटों से धधक उठा है। बादल धुएं से भर गए हैं। टॉक्सिक हाइड्रो कार्बन और सल्फर से तेहरान में तेल की अम्लीय बारिश देखी गई। प्राकृतिक जल की सतहों पर तेल की परत जम गई है, ऐसे में नए हमले होते हैं तो यह तेल जल उठेगा। इस कारण 90 लाख की आबादी वाले तेहरान में अघोषित कर्फ्यू के हालात बन गए हैं। दूषित पानी हो जाने के कारण सप्लाई ठप है। बिजली भी बंद कर दी गई है। ये बम लेबनान में ईरान समर्थक आतंकवादी संगठन हिजबुल्लाह के ठिकानों पर पटके गए हैं। इन टॉक्सिक बमों में घातक रसायन होते हैं। ये फसलों को बर्बाद करने के साथ पानी को भी पूरी तरह दूषित कर देते हैं। संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, कुवैत, ओमान कतर जैसे खाड़ी देशों में 90 फीसदी समुद्री खारे पानी को मीठे में बदलकर आपूर्ति जल संयंत्रों से की जाती है। 10 बड़े जल संयंत्रों को ईरान निशाना बना सकता है।

एक पुराने अमेरिकी कूटनीति दस्तावेज में चेतावनी दी गई थी कि यदि सऊदी अरब के जुबेल जल संयंत्र और उसकी पाइपलाइन को नुकसान होता है तो राजधानी रियात को एक सप्ताह के भीतर खाली करना होगा। हालांकि सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात



ने अपने तलाबों और सप्लाई लाइन में बड़ा निवेश किया हुआ है। इसलिए वह जल संकट का सामना एक बार कर सकता है, किंतु बहरीन, कतर और कुवैत जैसे छोटे देशों के पास वैकल्पिक साधन कम हैं। इसलिए इन देशों के संयंत्र लड़ाई में प्रभावित हुए तो पानी के लिए घरेलू स्तर पर भी जंग छिड़ सकती है। ईरान के लिए यह अच्छी बात है कि वे खुद जल संयंत्रों पर अधिक निर्भर नहीं है। ईरान में ज्यादातर पेयजल की सप्लाई नदियों, बांधों और भूगर्भीय जल से होती है, इसलिए वह सीमित समय के लिए संकट झेलने में सक्षम है, लेकिन कई साल से सूखे के चलते तेहरान के तालाबों का पानी खतरनाक स्तर तक घट गया है। इजराइल भी समुद्र के खारे पानी को मीठा बनाने की तकनीक पर निर्भर है। इस परिप्रेक्ष्य में संयुक्त राष्ट्र ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि 2050 तक जब विश्व की 40 फीसदी आबादी जल संकट भोग रही होगी, तब भी इजराइल में पीने के पानी का संकट नहीं होगा। इजराइल न सिर्फ हथियारों, बल्कि पानी के मामले में भी महाशक्ति बनकर उभरा है। इजराइल में तेल अवीव के डोर तट पर समुद्र के पानी को तत्काल पीने लायक बनाने वाले संयंत्र लगे हुए हैं। ये संयंत्र 'गेलमोबाइल वॉटर फिल्ट्रेशन प्लांट' कहलाते हैं। यह चलित फिल्टर प्लांट है। कई संयंत्र जीपों पर भी स्थापित हैं। इन्हें 'फ्यूचर जीप' कहते हैं। प्राकृतिक या युद्ध संबंधी आपदा के वक्त यह संयंत्र बेहद उपयोगी हो जाता है। इसे संकटग्रस्त इलाकों में पहुंचाकर लोगों को पेयजल की सुविधा उपलब्ध करा दी जाती है। पृथ्वी का 71 प्रतिशत हिस्सा पानी में डूबा हुआ है। 1.6 प्रतिशत पानी धरती के नीचे है और 0.001 फीसद वाष्प और बादलों के रूप में है। पृथ्वी की सतह पर जो पानी है, उसमें 97 प्रतिशत सागरों और महासागरों में है, जो नमकीन होने के कारण पीने लायक नहीं है। कुल उपलब्ध पानी में से केवल तीन प्रतिशत पानी ही पीने योग्य है। इसमें से 2.4 फीसदी हिमखंडों के रूप में उत्तरी और दक्षिणी ध्रुवों पर बर्फ के रूप में जमा हुआ है। भूगर्भीय जल भण्डारों का बेइंतहा दोहन करने और शुद्ध पानी के प्राकृतिक भण्डारों के ऊपर बहुमंजिला इमारतें खड़ी किए जाने से दुनिया के जल भंडार सूख रहे हैं। भारत में मुंबई, चैन्नई, कोलकाता, गोवा, बापी, दमन, तिरूवनतपुरम, पुरी, एर्नाकूलम, कोझीकोड़, रत्नागिरी और विजयनगर जैसे नगरों का भूजल समाप्त होने की स्थिति में है। इनमें सबसे बुरा हाल मुंबई का है।

मुंबई में जिस तेजी से जल दोहन किया जा रहा है, उससे लगता है कि 2030 तक मुंबई के मीठे पानी के जल भण्डार रीत जाएंगे। यहां वर्षा का जो पानी जमीन सोखती है, वह एक निश्चित सीमा तक पहुंच पा रहा है। इसी के नीचे समुद्री क्षार वाला पानी बह रहा है, जो खारा है। ये सभी नगर समुद्र किनारे बसे हैं, लेकिन खाड़ी देशों की तरह खारे पानी को मीठा बनाने के संयंत्र स्थापित करने में कोई नगर आगे नहीं आया है। जमीन की भीतरी बनावट ऐसी होती है कि बारिश का पानी एक निर्धारित सीमा तक ही जमीन में तैरता रहता है, जो कि प्रसंस्कृत होकर नीचे पीने के योग्य अपने आप बनता रहता है। ज्यादा खुदाई के बाद समुद्र किनारे बसे ज्यादातर महानगरों में खारा पानी आ जाता है, क्योंकि वह समुद्री जल स्तर से प्रभावित होने लगता है। यह खतरा भूमण्डल का तापमान लगातार बढ़ते जाने से और बढ़ गया है। नए अध्ययनों से पता चलता है कि पश्चिमी अंटार्कटिक में बिछी बर्फ की पट्टी बहुत तेजी से पिघल रही है। यह पानी समुद्री जल को बढ़ा रहा है। इस कारण एक ओर तो बांग्लादेश और मार्शल द्वीपों पर डूब जाने का आसन्न खतरा मंडरा रहा है, वहीं समुद्री रिहाइशी इलाकों का पीने योग्य पानी खारे पानी में विलय हो जाने का खतरा है। ऐसे में ईरान-अमेरिका के बीच चल रहे युद्ध ने समुद्र तटीय खाड़ी देशों में पेयजल संकट को गहरा दिया है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## पड़ोस
अखिलेश आर्येन्दु



# नया बदलाव नेपाल-भारत रिश्तों के लिए अहम

कुछ ही दिनों में नेपाल में नई सरकार का गठन हो जाएगा। संभावना है कि बालेन शाह के नेतृत्व में नेपाल में नई युवा संसद वाला मंत्रिमंडल शपथ ग्रहण करेगा। नेपाल के इतिहास में पहली बार 99 प्रतिशत सांसद युवा होंगे, जिनमें बालेन शाह की उम्र 35 वर्ष हैं। कहा जा रहा है कि नेपाल में हुए जेन जी आंदोलन की वजह से इस बार की संसद को युवा बना दिया है। दिलचस्प बात यह है कि पूर्व प्रधानमंत्री प्रचंड को छोड़कर इस बार कोई भी उम्रदराज नेता नेपाल की संसद में नहीं होगा। इतिहास किस तरह बदलता है और उस देश के लिए किस तरह की तस्वीर पेश कर रहा है, नेपाली संसदीय चुनाव के बाद उभरी तस्वीर को देखकर समझा जा सकता है। नेपाल में इस बार संसदीय इतिहास ही नहीं बदला है बल्कि राजनीति और नेपाल के राजनीतिज्ञों के चेहरे भी बदल गए हैं। यानी नए नेपाल की नई तस्वीर।

नेपाल के लोकतंत्रीय राजनीति के इतिहास में पहली बार हुआ है कि कोई एक दल अपने बूते पर सरकार बना रहा है। गौरतलब है कि 2008 में नेपाल में 239 साल पुरानी नेपाल की राजशाही व्यवस्था के स्थान पर लोकतंत्र कायम हुआ था और देश में नया संविधान 2015 में लागू हुआ। जिन वजहों से राजशाही व्यवस्था को खत्म किया गया था और जिन उद्देश्यों को हासिल करने के उद्देश्य से नया संविधान लागू किया गया था, इसमें किसी भी उद्देश्य को पिछली सरकारें हासिल करने में विफल रहीं थीं। शायद इसी विफलता का परिणाम था नेपाल में सत्ता के प्रति खुला विद्रोह यानी जेन जी आंदोलन। राजशाही खत्म होने के बाद केंद्र में जिन दलों के गठजोड़ से सरकारों का गठन हुआ, उनके कार्यों के प्रति जनता में संतोष और इत्मीनान देखने को नहीं मिला। यानी पिछली सरकारों के प्रति नेपाली जनता के अनुभव कभी अच्छे नहीं रहे। जेन जी आंदोलन के बाद हुए इस पहले चुनाव में पिछली चुनावी तस्वीर को एकदम बदल कर रख दिया है। अब यह तय माना जा रहा है कि स्वतंत्र पार्टी जो पूर्ण बहुमत (138 सीटें पूर्ण बहुमत के लिए चाहिए) से भी अधिक सीटें जीत कर पहली बार अकेले दम पर सरकार का गठन करने जा रही है। अब आरएसपी को जब नेपाली सांसद में पूर्ण बहुमत हासिल हो गया है, नेपाली जनता की उम्मीदों पर ही खरा नहीं उतरना है, बल्कि भारत सहित पड़ोसियों के साथ संतुलन बनाते हुए बेहतर रिश्ते कायम रखना होगा। खासकर भारत के साथ बेहतर पारंपरिक रिश्ते जगजाहिर रहे हैं। प्रधानमंत्री ओली के वक्त जो बहुत अच्छे नहीं थे, उसे भी बेहतर करने की बड़ी जिम्मेदारी होगी। भारत के साथ एक संतुलित और पारंपरिक रिश्ते को कायम रखने के लिए भारत सरकार से किस तरह की नीति अपनाई जाए, इस नई सरकार को बेहद संजीदा ढंग से समझना होगा। दरअसल, चीन की लगातार कोशिश रहती है कि वह नेपाल की राजनीति में हर स्तर पर दखल ही न दे, बल्कि अपना वर्चस्व बनाए रखने के लिए भारत के साथ बने पारंपरिक रिश्ते में दरार पैदा कर, अपना उल्लू सीधा करे। चीन में बनी तमाम वस्तुएं नेपाली बाजारों में बेधड़क बिकती हैं। भारत की भी कोशिश रही है कि नेपाल के बाजारों में भारत में बनी ज्यादातर चीजों की खपत हो। ऐसे में नई सरकार को बेहतर संतुलन बनाकर चलना होगा जिससे उसके पड़ोसियों से रिश्ते भी खराब न हों। प्रधानमंत्री मोदी ने आरएसपी के दोनों बड़े नेताओं रबि लामिछाने और बालेन शाह को बधाई ही नहीं दी बल्कि नई सरकार को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि आने वाले वक्त में दोनों देशों की साझी कोशिशों से भारत और नेपाल के संबंध नई ऊंचाइयों तक पहुंचेंगे। बालेन शाह यदि भारत के साथ सनातन संबंधों को तरजीह देंगे तो इससे भारत के साथ पूर्ण मैत्री संबंध ही नहीं बनेंगे, बल्कि नेपाल के प्रगति, विकास और संबंधों को स्थायित्व देने में एक नई इबारत लिखी जा सकती है। हम उम्मीद कर सकते हैं कि नेपाल की नई सरकार अपनी ऐतिहासिक चुनावी जीत के रूप में ही नहीं जानी जाएगी, बल्कि भारत के साथ अपने रिश्तों को प्राथमिकता देकर नई ऊंचाई हासिल करने में कामयाब होगी। आरएसपी के घोषणापत्र में नेपाल-चीन इंडस्ट्रियल पार्क परियोजना को हटा दिया गया था। इसका मतलब नेपाल चीन की हर शर्त या योजना पर आंख मूंद कर मोहर लगाने वाला नहीं होगा। यदि वे भारत के साथ सनातन संबंधों को तरजीह देंगे तो इससे भारत के साथ पूर्ण मैत्री संबंध ही नहीं बनेंगे, बल्कि नेपाल के प्रगति, विकास और संबंधों को स्थायित्व देने में एक नई इबारत लिखी जा सकती है। उम्मीद कर सकते हैं कि नेपाल की नई सरकार अपनी ऐतिहासिक चुनावी जीत के रूप में ही नहीं जानी जाएगी, बल्कि भारत के साथ अपने रिश्तों को प्राथमिकता देकर नई ऊंचाई हासिल करने में कामयाब होगी।

(लेखक स्वतंत्र स्तम्भकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## संसार की समस्त समस्याओं का निदान अध्यात्मवाद



संकलित
**दर्शन**

वर्तमान की समस्त समस्याओं का एक सहज सरल निदान है, अध्यात्मवाद। यदि शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, आर्थिक जैसे सभी क्षेत्रों में अध्यात्मवाद का समावेश कर लिया जाए, तो समस्त समस्याओं का समाधान साथ-साथ होता चले और आत्मिक प्रगति के लिए अवसर एवं अवकाश भी मिलता रहे। विषयों में सर्वथा भौतिक दृष्टिकोण रखने से ही सारी समस्याओं का सूत्रपात होता है। दृष्टिकोण में वांछित परिवर्तन लाते ही सब काम बनने लगेंगे। आत्म-परिष्कार से संसार परिष्कृत होता चला जाता है। अपने को सुधारने से सारी समस्याओं का समाधान होता चला जाता है। अपने को ठीक कर लेने से आसपास के वातावरण के ठीक बनने में देर नहीं लगती। यह एक सुनिश्चित तथ्य है कि जो अपना सुधार नहीं कर सका, अपनी गतिविधियों को सुव्यवस्थित नहीं कर सका, उसका भविष्य अंधकार मय ही बना रहेगा। इसीलिए मनीषियों ने मनुष्य की सबसे बड़ी बुद्धिमता उसकी आध्यात्मिक प्रवृत्ति को ही माना है। अध्यात्मवाद का व्यावहारिक स्वरूप है, संतुलन, व्यवस्था एवं औचित्य। शारीरिक समस्या तब पैदा होती है, जब शरीर को भोग साधन समझ कर बरता जाता है। आहार-विहार और रहन-सहन को विचार परक बना लिया जाता है। इसी अनौचित्य एवं अनियमितता से रोग उत्पन्न होने लगते हैं और स्वास्थ्य समाप्त हो जाता है। विभिन्न शारीरिक समस्याओं का आसानी से हल निकल सकता है, यदि इस संदर्भ में दृष्टिकोण को आध्यात्मिक बना लिया जाए।

## हर समस्या का समाधान मिलता है समय के साथ



संकलित
**प्रेरणा**

एक लोक कथा है। पुराने समय में किसी गांव में एक व्यक्ति हमेशा परेशानियों में घिरा रहता था। एक दिन निराशा दूर करने के लिए वह अपने गुरु के पास पहुंचा और कहा कि गुरु जी, मेरे दुख बहुत बढ़ गए हैं। कृपया मुझे कोई उपाय बताइए, जिससे मैं खुश रह सकूं। गुरु ने अपने शिष्य से कहा कि पहले तुम्हें यह समझना होगा कि सच्चा सुख किसे कहते हैं। जाओ, गांव में जो सबसे सुखी व्यक्ति है, उसके घर से मुट्ठीभर अनाज लेकर आओ। शिष्य ने गुरु की आज्ञा मानी और गांव में सबसे सुखी व्यक्ति की खोज में निकल पड़ा। शिष्य पूरे गांव में घूमने के बाद भी किसी सबसे सुखी व्यक्ति को नहीं खोज पाया। अंत में वह गुरु के पास लौट आया और सारी बात बताई। गुरु मुस्कराए और बोले कि देखो, लोग हमेशा दूसरों से तुलना करके दुखी होते हैं। हर व्यक्ति के जीवन में समस्याएं होती हैं मगर समय के साथ उनका समाधान भी हो जाता है। अगर तुम सच्चे सुख को पाना चाहते हो, तो दूसरों पर ध्यान मत दो। अपनी बुराइयों और कमजोरियों को सुधारो। शिष्य ने गुरु की बात समझी और धीरे-धीरे अपने जीवन में इसे लागू किया, उसने देखा कि कुछ ही दिनों में उसके जीवन में शांति आ गई।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### शेयर धारकों को नुकसान

आजकल शेयर बाजार में गिरावट की खबरें सुर्खियों में हैं। इससे बहुत से लोगों को आर्थिक नुकसान भी हो रहा है। शेयर बाजार में ऐसी गिरावट काफी वर्षों बाद देखने को मिल रही है। इस गिरावट से बहुत से उन लोगों की उम्मीदें धराशायी हुई जिनका कारोबार ही शेयर बाजार पर निर्धारित है। शेयर कब औंधे मुंह गिरे, कोई पता नहीं, क्योंकि शेयर बाजार कंपनियों पर ही ज्यादा निर्भर होता है और कोई बड़ी कंपनी कब घाटे में चली जाए, यह पता नहीं चलता। दूसरा, शेयर बाजार दुनिया के किसी भी देश में होने वाले युद्ध से प्रभावित होते हैं। हमारे देश में कम लोग ही शेयर बाजार के बारे में जानते हैं, इसलिए यह कहना उचित होगा कि हमारे देश में शेयर बाजार में निवेश करना ही बेहतर विकल्प नहीं है। *-युगलकिशोर साहू, रायपुर*

## करंट अफेयर

### सैन्य अभ्यास से चुनौती दी तो भयानक परिणाम भुगतने पड़ेंगे

उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन की बहन किम यो जोंग ने ईरान में जारी जंग के बीच अमेरिका और दक्षिण कोरिया के सालाना संयुक्त सैन्य अभ्यास की कड़ी आलोचना की है। अमेरिका और दक्षिण कोरिया 'वारियर शील्ड' नाम का फील्ड ट्रेनिंग कार्यक्रम भी चलाते हैं। उन्होंने कहा कि वैश्विक सुरक्षा के इस खतरनाक समय में यह अभ्यास क्षेत्र की स्थिरता को नुकसान पहुंचा रहा है। मंगलवार को जारी किए गए बयान में किम यो जोंग ने चेतावनी दी कि उत्तर कोरिया की सुरक्षा को कोई भी चुनौती देने पर 'भयानक परिणाम' भुगतने पड़ेंगे। बता दें कि सोमवार को अमेरिका और दक्षिण कोरिया ने अपना 11 दिन का 'फ्रीडम शील्ड' अभ्यास शुरू किया था जिसमें हजारों सैनिक शामिल हैं। किम यो जोंग ने ईरान के युद्ध का नाम लिए बिना कहा कि अमेरिका-दक्षिण कोरिया के ये अभ्यास क्षेत्रीय स्थिरता को कमजोर कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'जब वैश्विक सुरक्षा व्यवस्था तेजी से ढह रही है और दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में युद्ध छिड़ रहे हैं, तब इन लापरवाह और बदमाश अंतरराष्ट्रीय गुंडों के कृत्यों के कारण यह सब हो रहा है।' 'फ्रीडम शील्ड' अमेरिका और दक्षिण कोरिया की सेनाओं द्वारा हर साल किए जाने वाले 2 कमांड-पोस्ट अभ्यासों में से एक है।



## ऑफ बीट

### महर्षि दुर्वासा की तपोभूमि है श्री दुर्वेश्वर महादेव

देवभूमि हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला शहर से लगभग दस किलोमीटर दूर नड्डी के समीप डल क्षेत्र में स्थित श्री दुर्वेश्वर महादेव मंदिर ऐसा ही एक पावन तीर्थ है, जहां श्रद्धा, इतिहास और प्राकृतिक सौंदर्य एकाकार हो उठते हैं। मंदिर के ठीक सम्मुख स्थित शांत जलराशि से युक्त डल झील इस स्थल की आध्यात्मिक आभा को और भी गहन बना देती है। मान्यता है कि प्राचीन काल में महर्षि दुर्वासा ने इसी तपोभूमि पर कठोर साधना की थी। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें वरदान मांगने को कहा। महर्षि ने अपने लिए कुछ नहीं मांगा, बल्कि जनकल्याण की भावना से तपस्थली के समीप जल की व्यवस्था का वर चाहा। शिव ने उनकी कामना स्वीकार की और सप्तऋषियों के प्रतीक रूप में सात जलधाराएं फूट पड़ीं। वही जलधाराएं आगे चलकर एकत्रित हुईं और डल झील के रूप में प्रतिष्ठित हुईं। कालांतर में यहां महादेव की स्थापना हुई और यह स्थल (छोटा मणिमहेश) के रूप में विख्यात हो गया। श्रद्धालुओं की आस्था है कि यहां स्नान एवं परिक्रमा से वही पुण्यफल प्राप्त होता है, जो भरमौर स्थित पवित्र मणिमहेश यात्रा से मिलता है। इतिहास के अनुसार इस मंदिर का निर्माण लगभग दो शताब्दी पूर्व घरोह निवासी कलेशर सिंह राणा ने करवाया था।



## ट्रेंड

### जल जीवन मिशन



केंद्रीय कैबिनेट द्वारा 8.69 लाख करोड़ की लागत से जल जीवन मिशन 2.0 को मंजूरी जनकल्याण के प्रति सरकार के कमिटमेंट का प्रतिबिंब है। इससे 19.36 करोड़ ग्रामीण परिवारों तक नल से जल पहुँचेगा और जल सेवाओं का ऑपरेशन व मेंटेनेंस और अधिक प्रभावी होगी।
- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### शी बॉक्स पोर्टल



कार्यस्थल पर महिलाओं के विरुद्ध यौन उत्पीड़न की शिकायतों के समाधान हेतु शी बॉक्स पोर्टल महिलाओं को शिकायतें सहज, सुरक्षित और गोपनीय तरीके से ऑनलाइन दर्ज करने की सुविधा प्रदान करता है।
-अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय महिला विकास मंत्री

### अर्थव्यवस्था को नुकसान



पश्चिम एशिया में चल रहा युद्ध हमारी अर्थव्यवस्था को गंभीर नुकसान पहुंचा रहा है, लेकिन हमारे प्रधानमंत्री में इस पर चर्चा करने का साहस नहीं है। शेयर बाजार गिर रहा है, गैस की कीमतें बढ़ रही हैं, इसका सीधा असर आम आदमी, घरेलू बजट और छोटे व मध्यम व्यवसायों पर पड़ रहा है।
- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### गैस-तेल की किल्लत



शैक्षणिक संस्थानों और अस्पतालों को छोड़कर, बाकी सभी कमर्शियल संस्थानों को एलपीजी गैस की सप्लाई बंद कर दी गई है। केवल घरेलू उपयोग के लिए गैस दी जाएगी। आने वाले दिनों में गैस और तेल की स्थिति और खराब होने के आसार हैं।
-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली



# नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में यूपी बनेगा देश में अव्वल

## बुंदेलखंड सहित प्रदेश में सोलर परियोजनाओं, पीएम सूर्य घर व पीएम कुसुम योजना में तेजी लाने के निर्देश

- नगर विकास विभाग की योजनाओं की प्रगति बढ़ाने पर जोर
- सोलर प्रोजेक्ट, प्रधानमंत्री पीएम सूर्य घर योजना तथा पीएम कुसुम योजना के क्रियान्वयन का आकलन किया

विशेष संवाददाता

**लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने लखनऊ स्थित संगम सभागार में नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण (यूपीनेडा) तथा नगर विकास विभाग की विभिन्न गतिमान योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों से योजनाओं की प्रगति, क्रियान्वयन की स्थिति तथा आने वाले समय की कार्ययोजना के बारे में विस्तार से जानकारी ली और सभी परियोजनाओं को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए।

समीक्षा के दौरान मंत्री श्री शर्मा ने प्रदेश में संचालित सौर ऊर्जा परियोजनाओं की प्रगति पर



विशेष रूप से चर्चा की। उन्होंने बुंदेलखंड सहित अन्य जनपदों में स्थापित किए जा रहे सोलर प्रोजेक्ट, प्रधानमंत्री पीएम सूर्य घर योजना तथा पीएम कुसुम योजना के क्रियान्वयन की स्थिति का आकलन किया।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इन योजनाओं में तेजी लाते हुए अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ा जाए, ताकि प्रदेश में स्वच्छ और हरित ऊर्जा को बढ़ावा मिल सके। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा के विस्तार से ऊर्जा उत्पादन बढ़ेगा, पर्यावरण संरक्षण को बल मिलेगा तथा किसानों और आम नागरिकों को भी इसका सीधा लाभ प्राप्त होगा।

बैठक में अपर मुख्य सचिव नरेंद्र भूषण ने मंत्री श्री शर्मा को अवगत कराया कि प्रदेश में नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से कार्य हो रहा है और सोलर परियोजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के कारण उत्तर प्रदेश जल्द ही इस क्षेत्र में पूरे देश में प्रथम स्थान प्राप्त करने की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण पहलें की जा रही हैं। इसके साथ ही मंत्री श्री शर्मा ने नगर विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की भी विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से योजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि सभी परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाए और निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण किया जाए।

उन्होंने कहा कि नगर विकास से जुड़ी योजनाओं का सीधा संबंध आम नागरिकों के जीवन स्तर से है, इसलिए इन कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। समीक्षा बैठक में स्मार्ट पालिका योजना, सीएम ग्रिड योजना, आकांक्षी नगर योजना, अमृत योजना तथा मुख्यमंत्री नगरोदय योजना की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। मंत्री श्री शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन योजनाओं के माध्यम से शहरी क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का तेजी से विकास किया जाए, जिससे नागरिकों को बेहतर शहरी सुविधाएं उपलब्ध हो सकें और शहरों का समग्र विकास सुनिश्चित हो।

# संस्कृति स्कूल में शिक्षा की गुणवत्ता को मिले प्राथमिकता



विशेष संवाददाता

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य सचिव एस.पी.गोयल की अध्यक्षता में सी०एस०आई० एजुकेशनल सोसाईटी की कार्यकारी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सोसाइटी द्वारा संचालित संस्कृति स्कूल की विस्तृत समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने कहा कि संस्कृति स्कूल में शिक्षा की गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि निजी क्षेत्र के स्कूलों की फीस की तुलना में विद्यालय की फीस एवं ट्रांसपोर्टेशन चार्ज की दरें कम रखी जाएं, जिससे अधिक संख्या में छात्र इन स्कूलों में प्रवेश ले सकें।

उन्होंने छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल-कूद एवं एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटीज को विशेष महत्व देने पर बल दिया। फुटबॉल, वॉलीबॉल, स्केटिंग, क्रिकेट, टेबल टेनिस, लॉन टेनिस आदि खेल गतिविधियों को विकसित एवं प्रोत्साहित करने के उन्होंने निर्देश दिए।

इसके साथ ही उन्होंने विद्यालय में स्पोर्ट्स वेंडर की व्यवस्था, कैंटीन संचालन के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूल में उत्तर प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के मॉडल के रूप में विकसित किए जाएं जहां शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ खेल, संस्कृति, मूल्य शिक्षा एवं अतिरिक्त गतिविधियां संतुलित रूप से उपलब्ध हों। बैठक में सीएसआई एजुकेशनल सोसाईटी के समक्ष उपाध्यक्ष लखनऊ विकास प्राधिकरण/कोषाध्यक्ष सी०एस०आई० एजुकेशनल सोसाईटी द्वारा संस्कृति स्कूल के निर्माण एवं विकास के सम्बन्ध में विस्तार से अवगत कराया गया। स्कूल में 5 ब्लाक के अन्तर्गत 66 क्लास रूम, आडिटोरियम, लेबोरेटरी एवं स्पोर्टस फैसिलिटी उपलब्ध है तथा कुल 2640 छात्रों की क्षमता है। स्कूल के पास स्वंय की 02 बसें भी है। स्कूल में विश्वस्तरीय साईंस लैब, ए०आई० लैब एवं कम्प्यूटर लैब की स्थापना की गयी है। गत वर्षों की अपेक्षाकृत अप्रत्याशित वृद्धि के साथ वर्तमान में लगभग 300 छात्रों की तरफ से प्रवेश लिया जा चुका है।

# ग्रामीण नल कनेक्शन 17 से बढ़कर 82 फीसदी हुए

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि जल जीवन मिशन की शुरुआत के समय 2019 में जहां केवल 17 प्रतिशत ग्रामीण परिवारों के पास नल से जल कनेक्शन थे, वहीं अब यह बढ़कर 82 प्रतिशत हो गए हैं।

जल महोत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि भारत में जल केवल एक बुनियादी सुविधा नहीं है, बल्कि यह देश की संस्कृति, परंपराओं, आजीविका और सामुदायिक जीवन से गहराई से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा, यह अत्यंत संतोष की बात है कि वर्तमान में लगभग 82 प्रतिशत ग्रामीण परिवारों को नल से जल की सुविधा प्राप्त है, जबकि 2019 में जब जल जीवन मिशन शुरू किया गया था तब यह आंकड़ा केवल 17 प्रतिशत था। इस असाधारण सफलता के लिए मैं केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल और उनकी पूरी टीम को बधाई देती हूं।

राष्ट्रपति ने कहा, "जल



जीवन का आधार है। हमारी परंपराओं में जल को अनेक रोगों के उपचार के रूप में भी पूजनीय माना गया है। हमारे राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम्‌ जिसकी रचना की 150वीं वर्षगांठ हम मना रहे हैं का पहला शब्द सुजलाम्‌ है, जिसका अर्थ है उत्तम जल संसाधनों से समृद्ध। इस प्रकार भारत में जल केवल एक मूलभूत सुविधा नहीं रहा हैअ यह हमारी संस्कृति, परंपराओं, आजीविका और सामुदायिक जीवन से गहराई से जुड़ा हुआ है। मुर्मू ने रेखांकित किया कि पहले ग्रामीण परिवारों को पीने के पानी तक पहुंच के लिए काफी संघर्ष करना पड़ता था और महिलाओं व बच्चों को अक्सर इसे लाने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी। उन्होंने कहा कि आज स्वच्छ और सुरक्षित जल घरों तक पहुंच रहा है, जो जल जीवन मिशन की सफलता को दर्शाता है। राष्ट्रपति ने बुधवार को विश्व प्लंबिंग दिवस होने का उल्लेख करते हुए जल स्वास्थ्य, स्वच्छता और जल आपूर्ति सुनिश्चित करने को लेकर सभी प्लंबरों और तकनीशियनों के योगदान की सराहना की। जल संरक्षण एक सामूहिक उत्तरदायित्व है। हमें जल को केवल एक वस्तु नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक अमूल्य धरोहर के रूप में देखना चाहिए। अपने भविष्य को सुरक्षित करने के लिए हमें जल संरक्षण को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाना होगा। युवा पीढ़ी में जल प्रबंधन और संरक्षण के प्रति जागरूकता से भविष्य में देश की जल सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

## रास में भाजपा सांसद ने राष्ट्रपति मुर्मू के कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल सरकार की चूक पर साधा निशाना

नयी दिल्ली। राज्यसभा में भारतीय जनता पार्टी के सांसद बाबूराम निषाद ने बुधवार को पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कार्यक्रम में कथित चूक के लिए राज्य सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि प्रोटोकॉल का उल्लंघन केवल गलती नहीं बल्कि संवैधानिक अपराध है। उच्च सदन में निषाद ने शून्यकाल में यह मुद्दा उठाते हुए कहा कि राष्ट्रपति के राज्य दौरे के दौरान प्रोटोकॉल का उल्लंघन हुआ। उन्होंने कहा कि जब कोई राज्य सरकार देश के सर्वोच्च कार्यालय का जानबूझकर अपमान करती है, तो यह भूल जाती है कि वह संविधान की शपथ लेकर सत्ता में आई है। निषाद ने आगे कहा कि अब केवल निंदा प्रस्ताव पर्याप्त नहीं है, बल्कि ऐसे मामलों से निपटने के लिए विशेष कानून, जैसे संवैधानिक जिम्मेदारी अधिनियम, बनाना आवश्यक है।

# लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ प्रस्ताव किसी नेता के अहंकार की संतुष्टि के लिए लाया गया है: प्रसाद

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता रविशंकर प्रसाद ने बुधवार को कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के लिए विपक्ष द्वारा लाया गया प्रस्ताव उनके खिलाफ अविश्वास के लिए नहीं, बल्कि किसी के अहंकार की संतुष्टि के लिए लाया गया है।

विपक्ष द्वारा बिरला के खिलाफ लाए गए प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए प्रसाद ने कहा, लोकसभा अध्यक्ष के पद के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को किसी के अहंकार की संतुष्टि का माध्यम नहीं बनाया जाना चाहिए। कांग्रेस नेता मोहम्मद जावेद ने मंगलवार को संकल्प प्रस्तुत किया था और सदन में इस पर चर्चा शुरू हुई। प्रसाद ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का नाम लिए बिना उन पर निशाना साधते हुए कहा, यह प्रस्ताव बिरला के खिलाफ अविश्वास के लिए नहीं,



बल्कि किसी के अहं की संतुष्टि के लिए लाया गया है। न्होंने कहा कि संसदीय प्रणाली पर कॉल और शकधर की लिखी किताब में कहा गया है कि नेता प्रतिपक्ष छाया प्रधानमंत्री की तरह हैं, लेकिन इसमें यह भी लिखा है कि उन्हें राष्ट्रहित के मुद्दों पर अपने शब्दों का ध्यान से चयन करना चाहिए।


प्रसाद ने कहा कि इसमें कहा गया है कि नेता प्रतिपक्ष संसद के अंदर और बाहर सरकार की आलोचना कर सकते हैं, लेकिन विदेश की धरती पर उन्हें दलीय राजनीति नहीं करनी चाहिए। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष (एलओपी) राहुल गांधी को इसे पढ़ना चाहिए। इस पर कांग्रेस सदस्यों ने टीका-टिप्पणी की और आसन के समीप आ गए। बाद में राहुल गांधी को बोलने की अनुमति मिलने पर हंगामा शांत हुआ। प्रसाद ने कहा कि राहुल गांधी ने बजट सत्र के पहले चरण में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए एक पूर्व सेना प्रमुख के संस्मरण को लेकर कुछ बातें कही थीं। प्रसाद ने कहा कि उन्हें बार-बार बताया गया कि किताब प्रकाशित नहीं हुई है फिर भी अपनी बात पर अड़े रहे।

## थाईलैंड के फुकेट में टला बड़ा हादसा

# एअर इंडिया एक्सप्रेस के विमान की हार्ड लैंडिंग, सभी यात्री सुरक्षित

एजेंसी ▶▶ बैंकॉक

थाईलैंड के फुकेट हवाई अड्डे पर एअर इंडिया एक्सप्रेस के विमान की हार्ड लैंडिंग कराई गई। एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान- एएक्सबी938 ने हैदराबाद से उड़ान भरी थी। विमान निर्धारित समय से पहले फुकेट हवाई अड्डे पर पहुंचा और लैंडिंग के समय खराबी आ गई। विमान की लैंडिंग का निर्धारित समय 11:40 बजे था, लेकिन यह 11:24 बजे ही उतार लिया गया। विमान में चालक दल के 7 सदस्य, 131 यात्री और दो शिशु सवार थे। फुकेट हवाई अड्डे के अधिकारियों ने द्वारा प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि विमान की हार्ड लैंडिंग होने के



लैंडिंग गियर का हिस्सा क्षतिग्रस्त

कारण लैंडिंग गियर के साथ-साथ सामने वाले हिस्से में भी नुकसान पहुंचा है। हार्ड लैंडिंग के समय विमान की गति तेज थी। राहत की बात ये रही कि विमान में सवार किसी को भी चोट नहीं लगी है। तकनीकी खराबी के बावजूद, सभी यात्री और चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं। एयरपोर्ट प्रबंधन ने 12:08 बजे से शाम 6:00 बजे तक रनवे को अस्थायी रूप से बंद किया।

## पश्चिम-एशिया में युद्ध के बीच..., ट्रंप बोले 'थैंक्यू इंडिया'

# यूएस में 50 साल बाद भारत के निवेश से खुलेगी रिफाइनरी

▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऐलान किया है कि उनके देश में 50 साल बाद एक नई तेल रिफाइनरी स्थापित की जाएगी। जिसमें भारत की रिलायंस इंडस्ट्री निवेश करेगी और इसके लिए हमारे बीच ऐतिहासिक समझौता हो गया है। उन्होंने कहा कि हमारी ये परियोजना अमेरिकी प्रशासन की 'अमेरिका सबसे पहले' वाले एजेंडे के तहत ही सफल हुई है। रिफाइनरी के लिए टेक्सास के ब्राउंसविले बंदरगाह का चयन किया गया है और इससे जुड़े निवेश की कुल धनराशि 300 बिलियन डॉलर की होगी। जिसके लिए मैं भारत की ऊर्जा से जुड़ी हुई निजी क्षेत्र की एक सबसे बड़ी कंपनी और वहां पर हमारे साझेदारों के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने सोशल मीडिया मंच ट्रूथ सोशल पर बीते मंगलवार को यह जानकारी दी।

### रिलायंस के साथ 20 साल का करार, 300 बिलियन डॉलर का निवेश



ट्रंप ने कहा कि यह नई रिफाइनरी अमेरिकी बाजारों की ईंधन संबंधी जरूरतें पूरी करेगी, ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देगी और राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करेगी। उन्होंने लिखा कि अमेरिका असली एनर्जी दबदबे की ओर लौट रहा है! आज मुझे यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि अमेरिका फर्स्ट रिफाइनिंग, ब्राउन्सविले, टेक्सास में 50 साल में पहली नई अमेरिकी ऑयल रिफाइनरी खोल रहा है। यह एक ऐतिहासिक 300 बिलियन डॉलर की डील है, जो अमेरिका के इतिहास की सबसे बड़ी डील है। यह अमेरिकी वर्कर्स, एनर्जी और साउथ टेक्सास के महान लोगों के लिए एक बड़ी जीत है! इस जबरदस्त इन्वेस्टमेंट के लिए भारत में हमारे पार्टनर्स और उनकी सबसे बड़ी प्राइवेट एनर्जी कंपनी, रिलायंस का धन्यवाद।

### ईरान बिना शर्त सरेंडर करे

ट्रंप ने कहा है कि ईरान के खिलाफ जारी उनका सैन्य अभियान तभी बंद होगा। जब हमारे द्वारा तय किए गए सभी लक्ष्यों की पूर्ति हो जाएगी और ईरान बिना शर्त आत्मसमर्पण कर देगा। उनके तेल रिफाइनरी खोलने के उक्त फैसले को बीते वक्त में ट्रंप द्वारा दौरान दुनिया में तेल आपूर्ति को चुनौतीपूर्ण समय में भी बरकरार रखने से जुड़े हुए विकल्पों की तलाश के साथ जोड़कर देखा जा रहा है।

### वैश्विक निर्यात को मिलेगा बढ़ावा

ट्रंप ने कहा कि हमारे अमेरिका फर्स्ट एजेंडा, परमिट को आसान बनाने और टैक्स कम करने की वजह से है, जिससे हमारे देश में अरबों डॉलर की डील्स वापस आ रही हैं। ब्राउन्सविले पोर्ट पर एक नई रिफाइनरी, यूएस मार्केट्स को बढ़ावा देगी, हमारी नेशनल सिक्योरिटी को मजबूत करेगी, अमेरिकी एनर्जी प्रोडक्शन को बढ़ावा देगी, अरबों डॉलर का इकोनॉमिक असर डालेगी, और यह दुनिया की सबसे साफ रिफाइनरी होगी। यह वैश्विक निर्यात को बढ़ावा देगा और उस इलाके में हजारों नौकरियां और ग्रोथ लाएगा जो इसके लायक है। अमेरिकन एनर्जी डोमिनेंस ऐसा ही दिखता है। अमेरिका फर्स्ट, हमेशा!'

## वसई विरार मनपा में विकास के नाम पर करोड़ो रुपये घोटाले होने का विपक्ष के नेता ने लगाया आरोप

विरार। वसई-विरार मनपा के पिछले पांच वर्षों के प्रशासनिक कार्यकाल में विकास कार्यों के नाम पर करोड़ों रुपये के घोटाले होने के गंभीर आरोप लगाया हैं। इन मामलों की जांच कर सच्चाई सामने लाने के लिए विपक्ष के नेता मनोज पाटील ने महानगरपालिका की सभी संदिग्ध परियोजनाओं पर श्वेतपत्रिका जारी करने और विशेष लेखा परीक्षण (स्पेशल ऑडिट) कराने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने 5 मार्च 2026 को महापौर अजीव पाटील और मनपा आयुक्त मनोजकुमार सूर्यवंशी को विस्तृत पत्र सौंपकर जांच की मांग की है।


**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा**
**रा०प्र०क्र०-/अ-20(1)/2025-26,**
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका पुष्पा वराडे पत्नी श्री पुरुषोत्तम वराडे, जाति मराठी, निवासी जोड़ापीपल केदारपुर, अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ०ग०) के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि उनके स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि मोहल्ला-केदारपुर, नगर अम्बिकापुर, शीट नंबर 03 स्थित नजूल भूखण्ड कमांक 1953/11 रकबा 0.05 एकड़ भूमि की लीज समाप्ति तिथि 31/03/2026 है। आवेदिका द्वारा लीज अवधि का नवीनीकरण हेतु आवेदन पत्र मय मेंटनेश खसरा की प्रति सहित प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनाक- 27/03/2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांकः- 10/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ०ग०**
**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बाबू लाल पण्डो आ० राम दास निवासी कोल्डीहा थाना अम्बिकापुर तहसील ने कराया है कि आवेदक के अपनी बड़े भाई स्व. आलोक आ० राम दास की दिनांक 31/05/2014 को स्थान निवास में हुईहै। आवेदक के मृत्यू उपरांत मृत्यू का पंजीयक नहीं कराया गया है। अतः प्रमाण-पत्र की आवश्यकता होने पर यह आवेदन पेश किया गया है। उक्त संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन से 15 दिवस तक न्यायलय में उपस्थित होकर अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय-सीमा के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा । आज दिनांक 06/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन मुद्रा से जारी ।

तहसीलदार
तहसील - अम्बिकापुर,

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा**
**रा०प्र०क्र०-/अ-20(1)/2025-26,**
**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कृष्ण कुमार अग्रवाल पिता स्व० खजांची लाल अग्रवाल, निवासी कलेक्टर बंगला के पीछे, प्रतापपुर रोड़, अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ०ग०) के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि मोहल्ला-मनेन्द्रगढ़ रोड़ जवाहर मार्केट, नगर अम्बिकापुर, शीट नंबर 01 स्थित नजूल भूखण्ड क्रमांक 3/26 रकबा 0.04 एकड़ भूमि एवं मोहल्ला-डी०सी०रोड़, नगर अम्बिकापुर शीट नंबर 03 स्थित नजूल भूखण्ड क्रमांक 1313/3, 1313/18 रकबा क्रमशः 0.12 1/2, 0.03 1/4 एकड़ भूमि की लीज समाप्ति तिथि 31/03/2026 है। आवेदक द्वारा लीज अवधि का नवीनीकरण हेतु आवेदन पत्र मय मेंटनेश खसरा की प्रति सहित प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक- 27/03/2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।आज दिनांकः- 10/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी ।

नजूल अधिकारी,
अम्बिकापुर

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ०ग०)**
**रा०प्र०क्र०/ब-121/2025-26**
**नगर-पत्थलगांव, तहसील पत्थलगांव**
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता नगर पालिका परिषद पत्थलगांव को सूचित किया जाता है, कि पनियासो एक्का पति लक्ष्मण जाति उरांव निवासी बेलगाँव, तहसील सीतापुर, जिला-सरगुजा (छ०ग०) द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर अपने बहन दिनमुनिया बड़ा का नगर पालिका परिषद पत्थलगाँव में जन्म दिनांक 01/01/1968 को हुआ है। जिसका नाम नगर पालिका परिषद पत्थलगांव के जन्म पंजी में दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है। आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र चालान की प्रति, पंचनामा संलगन है। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को उजर दावा या आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा मान्य अधिवक्ता अथवा वैध अभिकर्ता के मय दस्तावेज दिनांक 13/03/2026 तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि पश्चात्प्राप्त दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 24/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

तहसीलदार
एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी
पत्थलगांव जिला जशपुर (छ०ग०)

**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा) कुनकुरी, जिला-जशपुर (छ.ग.)**


रा. प्र. क्र. /अ-2/2025-26
ग्राम हल्दीमुण्डा तहसील दुलदुला
रविकांत खलखो पिता पौलुस खलखो,
उम्र-32 वर्ष, जाति उरांव निवासी ग्राम हल्दीमुण्डा तहसील दुलदुला जिला जशपुर (छ.ग.)
-------------आवेदक
बनाम
छ.ग. शासन
-----अनावेदक
उद्घोषणा-

एतद द्वारा ग्राम हल्दीमुण्डा, प.ह.नं. 13 रा.नि.म. सिमडा, तहसील दुलदुला जिला-जशपुर (छ.ग.) की जनता को सूचित किया जाता है. कि आवेदक रविकांत खलखो पिता पौलुस खलखो उम्र 32 वर्ष, जाति उरांव, निवासी ग्राम हल्दीमुण्डा, तहसील दुलदुला, जिला-जशपुर (छ.ग.) द्वारा ग्राम हल्दीमुण्डा, स्थित भूमि ख.नं. 278/2 रकबा 0.0240 हे. भूमि पर मकान निर्माण हेतु कृषि से अकृषि आवासीय प्रयोजन में व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पेश किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उक्त भूमि के व्यपवर्तन के संबंध में जिस किसी को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रकरण में सुनवाई दिनाँक 25/3/26 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। उक्त नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।आज दिनाँक 11/03/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
कुनकुरी, जिला जशपुर (छ.ग.)


# मुंबई में 13 मार्च, शुक्रवार को यौमे कुद्स मनाने का ऐलान

मुंबई ,19 रमजानुल मुबारक 1447 हिजरी, मुताबिक मार्च 2026, सोमवार को नमाज-ए-इशा और तरावीह के बाद मुंबई की मशहूर और ऐतिहासिक हांडी वाली मस्जिद, सैफी जुबली स्ट्रीट में ऑल इंडिया सुन्नी जमीयतुल उलेमा, रजा अकादमी और जमीयत उलेमा-ए-अहले सुन्नत मुंबई की ओर से यौमे कुद्स के अवसर पर एक रूहानी, फिक्री और ईमानी विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि 23 रमजानुल मुबारक 1447 हिजरी, मुताबिक 13 मार्च 2026, शुक्रवार को मुंबई समेत पूरे देश में यौमे कुद्स अकीदत और एहतराम के साथ मनाया जाएगा। इस मौके पर यौमे कुद्स के संबंध में एक संयुक्त घोषणा-पत्र भी जारी किया गया। यह मुबारक इज्तिमा मुहाफि ज-ए-नमूस-ए-रिसालत, असीर-ए-हुजूर मुफ़्ती-ए-आजम अलहाज हजरत मुहम्मद सईद नूरी साहब (हिफ़्जहुल्लाह), बानी व सरबराह रजा अकादमी और उपाध्यक्ष ऑल इंडिया सुन्नी जमीयतुल उलेमा की सरपरस्ती में आयोजित हुआ, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता अल्लामा एजाज अहमद कश्मीरी (हिफ़्जहुल्लाह), खतीब व इमाम हांडी वाली मस्जिद और सदर जमीयत उलेमा-ए-अहले सुन्नत मुंबई ने की। कार्यक्रम की शुरूआत तिलावत-ए-कुरआन पाक से हुई, जिसके बाद यौमे कुद्स की मुनासबत से एक प्रभावशाली नज्म पेश की गई। अपने खिताब में अल्लामा एजाज अहमद कश्मीरी ने फिलिस्तीन की आजादी और गासिब सिय्योनियों के कब्जे से कि बला-ए-अव्वल मस्जिद-ए-अक्सा की बहाली के लिए आलम-ए-इस्लाम के संयुक्त रुख को उजागर करते हुए कहा कि यौमे कुद्स दरअसल जुल्म और इस्तेकबार के खिलाफ आजादी पसंद कौमों और उम्मत-ए-मुस्लिमह के एकजुट जज्बात की निशानी है। उन्होंने कहा कि यह दिन हमें इस अहद की याद दिलाता है कि मुसलमान मजलूम फिलिस्तीनियों के साथ खड़े रहेंगे और उनके हक-ए-आजादी के लिए आवाज बुलंद करते रहेंगे। उन्होंने आगे कहा कि 1948 में वैश्विक ताकतों की सरपरस्ती में फिलिस्तीनी सरजमीन पर नाजायज कब्जा किया गया, लेकिन इसके बावजूद फिलिस्तीनी अवाम की जद्दोजहद और मुजाहमत आज भी पूरी ताकत के साथ जारी है।



# धुरंधर 2 का नया पोस्टर जारी ईश्वर के प्रकोप का दिया संकेत

मुंबई। रणवीर सिंह की एक्शन थ्रिलर फिल्म 'धुरंधर 2' का एक नया पोस्टर जारी हो चुका है। फैंस पोस्टर में रणवीर सिंह के दोनों लुक को लेकर काफी उत्सुक हैं। 'धुरंधर 2' के नए पोस्टर में रणवीर सिंह दो अलग-अलग किरदारों में दिख रहे हैं- जसकिरत सिंह रंगी और हमजा अली मजारी। उन्होंने पोस्टर के साथ कैप्शन में लिखा, 'ईश्वर का प्रकोप आ रहा है'। फिल्म के पोस्टर को देखने के बाद फैंस काफी उत्साहित हैं। फैंस 'धुरंधर 2' में रणवीर सिंह के लुक को देखकर बहुत खुश हैं। सोशल मीडिया पर लोग तारीफ कर रहे हैं और फिल्म का इंतजार कर रहे हैं।

## लाइफ Style

# अनीत



## बायोपिक में कास्टिंग की खबरें बेबुनियाद

लेजेंडरी एक्ट्रेस मधुबाला की बायोपिक की चर्चा काफी लंबे समय से चल रही है। हाल ही खबर आई कि इसमें मधुबाला का किरदार 'सैयारा' एक्ट्रेस अनीत पड्डा निभाएंगी, पर ऐसा नहीं है। अब इंडस्ट्री के सूत्रों ने इन खबरों को पूरी तरह गलत बताया है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

अनीत पड्डा फिल्म में मधुबाला का किरदार नहीं निभाएंगी। एक सोर्स ने साफ किया कि अनीत पड्डा का नाम मधुबाला बायोपिक से जोड़ना एकदम गलत है। सोर्स ने कहा कि अनीत पड्डा को लेकर जो भी खबरें उड़ रही हैं, उनमें रत्ती भर भी सच्चाई नहीं है। ये दावे पूरी तरह से बेबुनियाद हैं। मधुबाला भारतीय सिनेमा का एक बहुत बड़ा नाम हैं, इसलिए इन अफवाहों ने फिल्म प्रेमियों के बीच काफी हलचल मचा दी थी। पर सोर्स ने फिर से जोर देकर कहा कि अनीत पड्डा के प्रोजेक्ट (मधुबाला की बायोपिक) से जुड़ने की बात सिर्फ एक अफवाह है और फिलहाल ऐसा कुछ भी नहीं हो रहा है। इससे पहले खबरें आई थीं कि मधुबाला की बायोपिक में कियारा आडवाणी दिवंगत एक्ट्रेस का किरदार निभाएंगी, पर वो खबरें भी अफवाह साबित हुईं। अनीत पड्डा की बात करें, तो उन्होंने साल 2022 में फिल्म 'सलाम वैंकी' से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी, पर स्टारडम 2025 में रिलीज हुई 'सैयारा' से मिला। अब अनीत पड्डा फिल्म 'शक्ति शालिनी' में नजर आएंगी। फिल्म में 'होमबाउंड' फेम विशाल जेठवा भी हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह दिसंबर 2026 में रिलीज हो सकती है।

## हॉलीवुड मसाला



# पति बेनी को दी जन्मदिन की बधाई

लॉस एंजिल्स। सेलेना गोमेज ने अपने पति बेनी ब्लैंको के जन्मदिन पर खास शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सोशल मीडिया पर कुछ अनदेखी शानदार तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें उनकी शादी के पल और निजी जीवन की झलक दिखाई दी। सेलेना ने अपनी इस पोस्ट में शादी की कई रोमांटिक फोटोज शेयर कीं। इस पोस्ट के साथ सेलेना ने कैप्शन में पति बेनी ब्लैंको को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए लिखा, 'जन्मदिन मुबारक हो मेरे प्यार। मैं तुम्हें पूरे दिल से प्यार करती हूं।'




# डॉल्बी थिएटर में होगा 98वां ऑस्कर अवॉर्ड समारोह...

लॉस एंजिल्स। कुछ ही दिनों में ऑस्कर 2026 का आयोजन होने वाला है और अब इसे लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं। इस साल का कार्यक्रम और ज्यादा खास होने वाला है, क्योंकि इसे कोनन ओ'ब्रायन होस्ट करने वाले हैं। इस प्रतिष्ठित अवॉर्ड समारोह में प्रियंका चोपड़ा भी शामिल होने वाली हैं। 98वां अकादमी अवॉर्ड समारोह 15 मार्च को हॉलीवुड के लॉस एंजेलिस स्थित मशहूर डॉल्बी थिएटर में आयोजित किया जाएगा। हर साल की तरह इस बार भी दुनियाभर की फिल्म इंडस्ट्री की नजर इस प्रतिष्ठित अवॉर्ड समारोह पर टिकी हुई हैं। भारत में टाइम डिफरेंस की वजह से दर्शक इस समारोह को 16 मार्च की सुबह लगभग 4:30 बजे से देख सकेंगे। आप जियो हॉटस्टार ऐप और वेबसाइट पर सुबह 4:30 बजे से इसकी लाइव स्ट्रीमिंग देख सकते हैं।



# है जवानी तो इश्क... की रिलीज डेट बदली

मुंबई। डेविड धवन द्वारा निर्देशित फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' में वरुण धवन, मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े सहित कई कलाकार नजर आएंगे। इस रोमांटिक-कॉमेडी ड्रामा फिल्म की रिलीज का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस पोस्ट के हिसाब से 'है जवानी तो इश्क होना है' अब 5 जून की जगह 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। निर्माताओं ने एक आधिकारिक बयान में लिखा, 'हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' मूल रूप से 5 जून को रिलीज होने वाली थी, जिसकी घोषणा हमने कई महीने पहले की थी। इस महीने की शुरुआत में, यश अभिनीत फिल्म 'टॉक्सिक' के निर्माताओं ने फिल्म की नई रिलीज तारीख की घोषणा की। 'टॉक्सिकः ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स' पहले 19 मार्च को रिलीज होने वाली थी।



# लाहौर 1947 का नहीं बदला टाइटल...

मुंबई। राजकुमार संतोषी की फिल्म 'लाहौर 1947' के टाइटल को लेकर फिर से नया अपडेट सामने आया है। पहले खबर थी कि इसका नाम बदलकर 'बंटवारा 1947' कर दिया गया है लेकिन, ऐसा नहीं है और इसकी पुष्टि आमिर खान ने की है। सनी देओल के फैंस 'बॉर्डर 2' के बाद उनकी अगली और चर्चित फिल्म 'लाहौर 1947' की रिलाज का इंतजार कर रहे हैं, जिसे राजकुमार संतोषी ने डायरेक्ट किया है और आमिर खान प्रोडक्शन में बनी है। इस मूवी के टाइटल को लेकर बीच में अपडेट आया था कि उसे बदल दिया गया और उसका नया नाम 'बंटवारा 1947' कर दिया गया है। लेकिन, प्रोड्यूसर ने इस दावे को सिरे से खारिज किया है। आमिर खान से जब फिल्म 'लाहौर 1947' के टाइटल में बदलाव के बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, 'ये आपने कहां सुना?

## टीवी मसाला



# कुछ इंट्रेस्टिंग होगा तो जरूर अनुपमा में करूंगा वापसी

नई दिल्ली। अनुपमा में अनुज की भूमिका निभाकर पॉपुलैरिटी हासिल करने वाले गौरव खन्ना किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। गौरव को इस शो में इतना पसंद किया गया कि फैंस उनकी वापसी का इंतजार कर रहे हैं। स्टार प्लस के शो अनुपमा में अनुज का कैरेक्टर बहुत ही मजबूत तरीके से दिखाया गया था। इस शो में दर्शकों ने अनुज के कैरेक्टर को इतना पसंद किया कि गौरव खन्ना हर किसी के फेवरेट बन गए। इस शो का हिस्सा बनने के बाद गौरव खन्ना को बिग बॉस 19 में देखा गया। इस शो के वो विनर बने. उसके बाद से फैंस को लगने लगा कि बिग बॉस के बाद गौरव खन्ना अब अनुपमा में वापसी करेंगे। अब गौरव खन्ना ने खुद इस बात को कंफर्म कर दिया है कि वो इस शो का हिस्सा बनेंगे या नहीं। एक इंटरव्यू में जब गौरव खन्ना से पूछा गया कि क्या वो फिर से अनुपमा में अनुज के तौर पर वापसी करेंगे। ऐसे में गौरव खन्ना ने जो जवाब दिया वो काफी मजेदार था। गौरव खन्ना ने कहा,'आप गलत इंसान से इस बारे में पूछ रहे हैं। क्योंकि, अनुपमा में वापसी करना मेरे हाथ में नहीं है। ये हमारे प्रोड्यूसर राजन शाही और चैनल स्टार प्लस पर डिपेंड करता है। अगर स्टोरी में मेरे लिए कुछ इंट्रेस्टिंग होगा तो मैं जरूर वापस आऊंगा। लेकिन, अगर ट्रैक एक्साइटिंग नहीं है तो मैं वापस नहीं आऊंगा।

## गुस्सा जायज है, घाव गहरे थे

नई दिल्ली। निक्की तंबोली कुछ दिन पहले ही रियलिटी 'द 50' से बाहर हुईं। हाल ही में उनके बॉयफ्रेंड अरबाज पटेल भी शो से बाहर हो गए। अब शो में कुछ इंफ्लुएंसर, टीवी आर्टिस्ट बाकी रह गए हैं। अपनी हालिया पोस्ट में



बिना किसी का नाम लिए निक्की तंबोली ने 'द 50' के कुछ प्रतियोगियों पर निशाना साधा है। निकी तंबोली ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी पोस्ट की है। इसमें वह लिखती हैं, 'मेरी पोस्ट पर फेक कमेंट्स करवाने से ज्यादा मेहनत अगर अपनी लाइफ पर करते तो शायद कोलेबोरेशंस से जिंदगी नहीं चलती। मेरी पोस्ट पर फेक कमेंट्स खरीदने से अच्छा है, अपनी रिस्पेक्ट खरीद लो। शायद ज्यादा काम आ जाए।' वह आगे लिखती हैं, 'गुस्सा जायज है। घाव गहरे थे।' निक्की तंबोली ने अपनी पोस्ट में किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन सोशल मीडिया यूजर्स का मानना है कि वह टीवी एक्टर प्रिंस नरुला और टीवी पर्सनालिटी शिव ठाकरे पर निशाना साध रही हैं। यह दोनों इस वक्त 'द 50' शो का हिस्सा हैं। जब निक्की और उनका बॉयफ्रेंड शो में थे तो शिव ठाकरे और प्रिंस नरुला से कई बार झगड़ा हुआ। 'द 50' शो में विनर बनने की दौड़ में शिव ठाकरे आगे दिख रहे हैं।

# पद्मा कभी अमिताभ की बनी थीं हीरोइन खूब चलाया था कैबरे डांस का जादू ...

*नई दिल्ली। भोजपुरी फिल्मों से अपना फिल्मी सफर शुरू करने वालीं पद्मा खन्ना ने अमिताभ बच्चन के साथ 'सजना है मुझे सजना के लिए' और देवा आनंद के गाने 'हुस्न के लाखों रंग' में नजर आईं। फिल्मी और टीवी की दुनिया में कुछ कलाकार ऐसे हैं जो अपने नाम से अधिक अपने किरदार की वजह से जाने जाते हैं। ऐसे ही कलाकारों की लिस्ट में एक नाम पद्मा खन्ना का रहा है जो टीवी के लोकप्रिय धारावाहिक 'रामायण' में रानी कैकेयी के किरदार से घर-घर में पहचानी जाती थीं। 70 और 80 के दशक में खन्ना अपनी खूबसूरती, डांस और एक्टिंग से लोगों के दिलों में खास जगह बनाई थी। शायद बहुत कम लोगों को ये पता हो कि उनके फिल्मी सफर की शुरुआत के पीछे की वजह मशहूर एक्ट्रेस वैजयंती माला थीं, जिन्होंने पद्मा का डांस देखकर उन्हें फिल्मों में किस्मत आजमाने की सलाह दी थी। एक्ट्रेस से मिली यही छोटी सी सलाह आगे चलकर उनके जीवन का बड़ा मोड़ साबित हुई।*



## अमिताभ के साथ 'सजना है मुझे सजना के लिए' गाना

पद्मा खन्ना के करियर का एक और अहम पड़ाव फिल्म 'सौदागर' रही, जिसमें वह महानायक अमिताभ बच्चन के साथ नजर आईं। इस फिल्म का गाना 'सजना है मुझे सजना के लिए' उस दौर का बेहद लोकप्रिय गाना बना। धीरे-धीरे वह हिंदी और भोजपुरी दोनों फिल्म इंडस्ट्री में एक जानी-मानी एक्ट्रेस बन गईं और अपने डांस के लिए खास तौर पर पहचानी जाने लगीं।

## 'गंगा मैया तोहे पियरी चढ़इबो' से शुरुआत

पद्मा खन्ना ने अपने अभिनय कॅरियर की शुरुआत भोजपुरी फिल्म 'गंगा मैया तोहे पियरी चढ़इबो' से की। उस समय उनकी उम्र लगभग 14 साल थी। यह फिल्म भोजपुरी सिनेमा की लोकप्रिय फिल्मों में गिनी जाती है। इसके बाद उन्होंने कई भोजपुरी फिल्मों में काम किया और धीरे-धीरे इस इंडस्ट्री में अपनी पहचान बना ली। 'बिदेसिया', 'बलम परदेसिया', 'धरती मइया', और 'भैया दूज' जैसी फिल्मों में उनके काम को काफी पसंद किया गया।

# ताहिर ने पूरी की अनाम फिल्म की शूटिंग, साझा की तस्वीरें...



मुंबई। ताहिर राज भसीन जल्द ही एक नई फिल्म में नजर आएंगे। अभिनेता ने फिल्म की शूटिंग पूरी करने पर कई तस्वीरें साझा की हैं। अभिनेता ताहिर राज भसीन ने अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। यह विक्रम फडनिस के निर्देशन में बना प्रोजेक्ट है। हालांकि, अभी तक इस फिल्म का नाम सामने नहीं आया है। अभिनेता ने अपनी शूटिंग पूरी करने के बाद सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें साझा की हैं। साथ ही एक लंबा नोट भी लिखा है। ताहिर राज भसीन ने शूटिंग पूरी करने के बाद इंस्टाग्राम पर शूटिंग से जुड़ी कई तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों में ताहिर अपने किरदार में और कुछ अहम सीन की शूटिंग करते नजर आ रहे हैं। अभिनेता ने अपनी टीम के साथ बिताए मजेदार पलों की भी झलक प्रशंसकों के साथ साझा की। उन्होंने शूटिंग के बीच आराम करते और एक-दूसरे के साथ समय बिताते हुए कलाकारों और क्रू की तस्वीरें पोस्ट कीं। तस्वीरों में फिल्म की बाकी कास्ट सयामी खेर और विनीत कुमार सिंह भी नजर आ रहे हैं। तस्वीरें साझा करते हुए ताहिर ने प्रोजेक्ट के पूरा होने पर एक भावुक संदेश भी लिखा। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'शूटिंग पूरी हो गई। यह एक शानदार सफर रहा। विक्रम फडनिस आपका धन्यवाद जिन्होंने एक दिल को छू लेने वाला किरदार लिखा और निर्देशित किया, जिसे निभाना मेरे लिए बेहद सुखद अनुभव रहा। आपकी इस मेहनत से बनी फिल्म को दुनिया के साथ साझा करने का बेसब्री से इंतजार है। ओजाजय, लेंस के जादूगर हैं। हर दिन अपनी उत्कृष्टता लाने और कलात्मकता के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए धन्यवाद। हद से

## हम घास की गठरियों पर आराम करते थे : सुप्रिया

# 80 के दशक में न वॉशरूम होते थे, और न ही वैनिटी वैन

*नई दिल्ली। 'खिचड़ी' एक्ट्रेस सुप्रिया पाठक ने 80 के दौर के फिल्म सेट की कहानी सुनाई और बताया कि तब वॉशरूम, वैनिटी वैन या आराम करने के लिए उचित जगह जैसी बुनियादी सुविधाओं का भी कैसा अभाव रहा करता था। शाहिद कपूर की सौतेली मां सुप्रिया पाठक ने 'मिर्च मसाला' की शूटिंग के दौरान का एक किस्सा सुनाया। इस फिल्म की शूटिंग के लिए मिर्च फैक्ट्री में बिताए अपने अनुभव को शेयर किया और बताया कि कैसे एक दर्जन महिलाएं वहां घास और भूसे के गठरियों पर आराम करती थीं। हालांकि, 'खिचड़ी' एक्ट्रेस ने कहा कि इस तरह के माहौल में काम करने के पीछे की वजह एक्टर्स का जुनून होता था।*

## 80 से 90 के दशक में कैसा होता था फिल्मों का सेट

बातचीत में सुप्रिया ने 80 से 90 के दशक में फिल्म इंडस्ट्री को लेकर बातें करते हुए बताया कि तब कैसे एक्टर्स वैनिटी वैन के बिना काम करते थे। उन्होंने कहा, 'जो जुनून था हमारे अंदर एक्टिंग का या किरदार बनाने का, उसकी वजह से बाकी सारी चीजों की अहमियत कम लगती थीं। पर धीरे-धीरे एहसास हुआ कि नहीं, ये भी जरूरी है।'

## बाथरूम की सुविधा होनी चाहिए

उन्होंने अपनी बात रखते हुए कहा, 'आपको कोई एक बैठने की जगह चाहिए और खासकर महिलाओं के लिए, आपको एक बाथरूम की सुविधा होनी चाहिए। मतलब मैं आज भी कहती हूं कि कितनी जगहों पर हम शूट करने जाते जहां बाथरूम भी मुहैया नहीं कराया जाता या होता ही नहीं था। कई जगहों पर जहां हम शूटिंग करते, बाथरूम जैसी बुनियादी सुविधाएं या तो उपलब्ध नहीं कराई जाती या होती ही नहीं थी।' मैं आज भी कहती हूं कि कितनी जगहों पर हम शूट करने जाते जहां बाथरूम भी मुहैया नहीं कराया जाता या होता ही नहीं था। कई जगहों पर जहां हम शूटिंग करते, बाथरूम जैसी बुनियादी सुविधाएं भी नहीं होती थीं।



## घास के बड़े-बड़े बंडल पर हम पूरे दिन बैठते थे

सुप्रिया पाठक ने कहा, 'मैंने एक फिल्म की थी मिर्च मसाला, जिसे केतन मेहता जी ने डायरेक्ट किया था। उसमें हम सारी औरतें थीं, करीब 10 महिलाएं थीं। तब हम मिर्ची की फैक्ट्री में शूट कर रहे थे। वो एक छोटा सा गांव था और वहां बेतहाशा गर्मी थी। वहां पीछे एक शेड जैसा था जहां घास रखे हुए थे। शायद मिर्ची को साफ करने का कोई प्रोसेस वहां होता था। तो बड़े-बड़े बंडल बनाकर रख दिए थे और हम पूरे दिन उसी पर बैठते थे।'

## कुछ भी करके बैठ जाते थे

पाठक ने कहा, 'एक एक्टर के लिए जैसे हमारे वहां स्पॉट बॉय होते थे, चाय लाना, अगर आप सर्दी में शूट कर रहे हो, कहीं भी शूट कर रहे हो तो बुनियादी सुविधाएं तो चाहिए ही। खाना, पानी, चाय, ये सब बेसिक चीजें जरूरी होती हैं। फिर मुझे लगता है कि धीरे-धीरे ये सारे बदलाव होंगे। हमारी इंडस्ट्री में आने लगे। आज शूटिंग करना काफी कंफर्टेबल होगा, चाहे आप कहीं भी हों। पहले के टाइम से काफी अलग है। हमारा वक्त तो हम सचमुच कहीं भी, कुछ भी करके बैठ जाते थे।'

## बाजार व राम-लीला के लिए मिले थे अवॉर्ड

बताते चलें की सुप्रिया पाठक ने अपनी मां दीना पाठक के साथ थिएटर से एक्टिंग की शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने 'कलयुग' (1981) से फिल्मों में कदम रखा। पाठक को 'बाजार' (1982) और 'राम-लीला' (2013) के लिए अवॉर्ड भी मिले। उन्होंने 'मासूम' और 'मिर्च मसाला' जैसी फिल्मों, 'खिचड़ी' (हंसा के रूप में) और 'साराभाई वर्सेस साराभाई' जैसे टीवी शो में भी जानदार एक्टिंग की। इन सबके अलावा पाठक ने 'सरकार', 'वेक अप सिड', 'रेड 2' और 'खिचड़ी 2' में भी काम किया। एक्टिंग के अलावा सुप्रिया अपने पति पंकज कपूर के साथ एक प्रोडक्शन हाउस चलाती हैं।

# संस्थागत प्रसव हेतु गर्भवती महिलाओं को उपलब्ध कराएं बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं : जयवर्धन

## कलेक्टर ने बैठक लेकर की स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस जयवर्धन ने बैठक लेकर स्वास्थ्य विभाग के कार्यो की समीक्षा की गई। बैठक में जिला अस्पताल, सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा प्रदाय की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई। इस दौरान ओपीडी एवं आईपीडी में उपचार प्राप्त करने वाले मरीजों की संख्या तथा स्वास्थ्य संस्थानों में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली गई। बैठक में गर्भवती महिलाओं के एएनसी पंजीयन एवं उन्हें समय पर बेहतर उपचार उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही जिले में सिकल सेल से पीड़ित मरीजों की स्थिति की जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने जनजागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि माता-पिता दोनों सिकल सेल से पीड़ित हों तो आने वाली संतान में भी सिकल सेल होने की संभावना बहुत अधिक होती है। इसलिए युवाओ को विवाह से पहले अथवा महिलाओ के गर्भावस्था के दौरान ब्लड टेस्ट एवं सिकल सेल स्क्रीनिंग अवश्य कराने के लिए जागरूक किया जाए। ताकि आने वाली पीढ़ी को गंभीर स्वास्थ्य समस्या से बचाया जा सके।कलेक्टर ने प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संस्थागत प्रसव को बेहतर करने के लिए गर्भवती महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड निर्माण की प्रगति तथा सोनोग्राफी से जुड़े मामलों की भी समीक्षा की गई। बैठक में फाइलेरिया उन्मूलन के लिए चलाए जा रहे फाइलेरिया सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम की प्रगति की जानकारी ली गई। साथ ही हाट बाजार क्लीनिक योजना के तहत हाट-बाजारों में ग्रामीणों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति की समीक्षा की गई। इसके अलावा राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत क्षय रोग की जांच, उपचार एवं मरीजों की पहचान की प्रगति की जानकारी ली गई और अभियान को और प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने मौसमी बीमारियों के लिए सभी चिकित्सालयों में आवश्यक दवाइयों, जांच एवं उपचार की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं आवश्यकता अनुसार कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिलाने के भी निर्देश दिए, ताकि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में और सुधार किया जा सके।इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर, सीएमएचओ, सिविल सर्जन सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।



## पशुपालकों को सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने खुलेंगे पशु औषधि विक्रय केंद्र

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** प्रदेश के पशुपालकों को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ में पशु औषधि विक्रय केंद्र स्थापित किए जाने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इस योजना के तहत प्रत्येक विकासखंड में एक पशु औषधि विक्रय केंद्र खोलने की योजना है। केंद्र सरकार के डिपार्टमेंट ऑफ ऐनिमल हसबेंडरी एंड डेरिंग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार इन केंद्रों का संचालन प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र तथा सहकारी समितियों के माध्यम से किया जाएगा। इसका उद्देश्य पशुपालकों को कम कीमत पर बेहतर गुणवत्ता की जेनेरिक पशु दवाएं उपलब्ध कराना है।जिले के प्रत्येक विकासखंड में इस योजना के अंतर्गत पशु औषधि विक्रय केंद्र स्थापित किए जाने की प्रक्रिया की जा रही है, जिससे स्थानीय पशुपालकों को आसानी से सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। इस सम्बन्ध में अधिक जानकारी के लिए पशु विभाग से भी सम्पर्क किया जा सकता है।

## व्यवसायिक उपयोग पर जप्त किये गए 14 घरेलू गैस सिलेंडर



**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** जिले के प्रतापपुर क्षेत्र में होटल, रेस्टोरेंट और दुकानों में घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग किए जाने की शिकायत पर खाद्य एवं राजस्व विभाग के संयुक्त दल ने बुधवार को कई प्रतिष्ठानों में छापेमारी कर 14 घरेलू गैस सिलेंडर जप्त किया है। जिनमे 4 नग 5 किलोग्राम का भी शामिल है। जप्त सिलेंडर इंडेन एजेंसी प्रतापपुर को सौंप दिए गए है। तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक और खाद्य निरीक्षक प्रतापपुर की इस टीम ने पाँच प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की। नया बस स्टैंड स्थित रोशन डेली नीड्स से सबसे ज्यादा 10 सिलेंडर जप्त हुए। इसके अलावा पुराना बस स्टैंड के शुभम होटल और जायसवाल होटल तथा नया बस स्टैंड के मंगलेश डेली नीड्स और परवेज कुमार के प्रतिष्ठान से एक-एक सिलेंडर जप्त किए गए।जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि व्यावसायिक काम के लिए घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग करना नियमों के खिलाफ है। इससे आम परिवारों को मिलने वाली गैस की आपूर्ति भी प्रभावित होती है। उन्होंने व्यापारियों व अन्य सभी से अपील की कि वे अपने प्रतिष्ठानों में केवल कमर्शियल सिलेंडर का ही उपयोग करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस तरह की जांच आगे भी जारी रहेगी और नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

## श्रमवीरो का सम्मान कर लगन से कार्य करने हेतु किया गया प्रेरित




**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**दतिमा मोड़।** सूरजपुर कलेक्टर एस. जयवर्धन व जिला पंचायत सीईओ विजेंद्र पाटले के मार्गदर्शन में जनपद भैयाथान के सभाकक्ष में मजदूरों को सम्मानित करने कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न ग्रामों से आए मजदूरों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों ने मजदूरों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए श्रीफल देकर सम्मानित किया और उनके योगदान की सराहना की। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि मजदूर समाज और देश के विकास की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उनके परिश्रम से ही गांवों का विकास संभव हो पाता है। इसलिए उनके सम्मान और अधिकारों की रक्षा करना हम सभी की जिम्मेदारी है। मजदूरों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे भी मेहनत और लगन से कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया।

# फल व्यवसाय से परिवार की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ बना रही दुलारी

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** हमारे समाज में कई ऐसे उदाहरण हैं जिससे हमें पता चलता है कि यदि महिलाएं अवसर और सही मार्गदर्शन के साथ आगे बढ़ें तो वे अपनी मेहनत से न केवल अपने परिवार बल्कि समाज के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं। सूरजपुर के ग्राम पंचायत लटोरी की दुलारी दीदी ने स्व-सहायता समूह से जुड़कर आत्मनिर्भरता की प्रेरणादायक मिसाल पेश की है। कभी सीमित संसाधनों के कारण आर्थिक परेशानियों का सामना करने वाली दुलारी दीदी आज अपने छोटे से व्यवसाय के माध्यम से परिवार की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बना रही हैं।दुलारी ने बिहान स्व-सहायता समूह से 60 हजार रुपये का ऋण लेकर फल विक्रय का व्यवसाय प्रारंभ किया। जिससे आज दुलारी दीदी अपने फल व्यवसाय से प्रतिमाह लगभग 25 से 30 हजार रुपये तक की आय अर्जित कर रही हैं। इस आय से वे अपने परिवार के दैनिक खर्च, बच्चों की पढ़ाई और अन्य आवश्यक जरूरतों को आसानी से पूरा कर पा रही हैं। पहले जहां परिवार को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ता था, वहीं अब उनकी स्थिति पहले से कहीं बेहतर हो गई है। दुलारी बताती हैं कि स्व-सहायता समूह से जुड़ने के बाद उन्हें बचत, ऋण और छोटे व्यवसाय के संचालन की जानकारी मिली, जिससे उन्हें आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा मिली। समूह की मदद से उन्होंने साहस जुटाया और व्यवसाय शुरू किया। जिससे आज वे गांव की अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा बन रही हैं।



## जिले में व्यापक प्रचार कर अग्निवीर भर्ती हेतु युवाओं को किया जा रहा प्रेरित

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** जिला रोजगार कार्यालय द्वारा भारतीय थल सेना अग्निवीर भर्ती 2026 के पूर्व पंजीयन को लेकर जिले भर में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले के समस्त जनपद पंचायत, नगर पंचायत, महाविद्यालय, पॉलीटेक्निक, आई.टी.आई. एवं विद्यालयों में पाम्पलेट और फ्लैक्स के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इस अभियान को विशेष गति देते हुए भूतपूर्व पैराकमांडो श्री पुरुषोत्तम चंद्रा, सैनिक कल्याण बोर्ड बिलासपुर के द्वारा आई.टी.आई. शिवनंदनपुर, शासकीय महाविद्यालय विश्रामपुर, आई.टी.आई. भटगांव एवं शासकीय महाविद्यालय भैयाथन में विशेष मार्गदर्शन सत्र आयोजित किए गए। इन सत्रों में पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से अग्निवीर भर्ती की संपूर्ण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई तथा युवाओं का मनोबल बढ़ाते हुए उन्हें सेना में कैरियर बनाने हेतु अभिप्रेरित किया गया।रोजगार कार्यालय सूरजपुर द्वारा संचालित कैरियर मार्गदर्शन कैम्पों में उपस्थित विद्यार्थियों को न केवल अग्निवीर बनने, बल्कि अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए भी प्रोत्साहित किया गया। साथ ही महाविद्यालयों के प्राध्यापकों को भी युवाओं को सेना एवं सरकारी सेवाओं की ओर प्रेरित करने हेतु अभिप्रेरित किया गया।

# लंबित मांगो को लेकर एनएचएम कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात

## कैशलेश चिकित्सा सुविधा देने का भी अनुरोध, मुख्यमंत्री ने जल्द निराकरण का दिया भरोसा

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** एनएचएम कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष बृजलाल पटेल ने बताया कि एनएचएम के प्रदेश प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से उनके विधानसभा कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने एनएचएम कर्मचारियों की विभिन्न लंबित मांगों के संबंध में मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपते हुए शीघ्र निराकरण का आग्रह किया। संघ के प्रतिनिधियों ने पूर्व में की गई घोषणाओं एवं मोदी की गारंटी के तहत कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान की बात रखते हुए मांगों को जल्द पूरा करने का अनुरोध किया। इस पर मुख्यमंत्री ने आश्वस्त करते हुए कहा कि सुशासन की सरकार में कर्मचारियों के हितों का पूरा ध्यान रखा जा रहा है और सभी कर्मचारियों के सुख-दुख में सरकार उनके साथ है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की सभी जायज मांगों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। ज्ञात हो कि एनएचएम कर्मचारियों ने अनुकंपा नियुक्ति, कैशलेस चिकित्सा सुविधा लागू करने, स्थानांतरण नीति, नए मानव संसाधन नीति, नियमित भर्ती में एनएचएम कर्मचारियों को अनुभव का अंक सहित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर 33 दिनों तक आंदोलन किया था, जिसे सरकार के आश्वासन के बाद समाप्त किया गया था। संघ के प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमित कुमार मिरी, प्रवक्ता पुरन दास, प्रदेश सलाहकार दिनेश खर्कवाल, जिलाध्यक्ष दुर्ग डॉ. आलोक शर्मा, जिलाध्यक्ष मोहला मानपुर संतोष चंदेल, जिलाध्यक्ष गरियाबंद अमृत राव भोसले सहित संघ के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।



# नई सोच और दृढ़ संकल्प के साथ युवा अपने जीवन स्तर को बना सकते है बेहतर

## पॉलिटेक्निक कॉलेज में हुई स्टार्टअप कार्यशाला

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा गुरुवार को यहां के पॉलिटेक्निक कॉलेज, में स्टार्टअप एवं उद्यमिता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य युवा विद्यार्थियों को स्वरोजगार की संभावनाओं से परिचित कराना और उन्हें उद्यमी बनने के लिए प्रेरित करना था। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के प्रबंधक अवधेष कुमार कुशवाहा ने औद्योगिक विकास नीति 2024-30 के अंतर्गत उपलब्ध अनुदानों, छूट एवं नए उद्योग स्थापित करने की चरणबद्ध प्रक्रिया से छात्रों को अवगत कराया। चार्टर्ड एकाउंटेंट हिमांशु अग्रवाल ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना और प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम पीएमईजीपी के तहत बैंक ऋण के माध्यम से स्वयं का उद्यम खड़ा करने की व्यावहारिक जानकारी दी।चार्टर्ड एकाउंटेंट स्वयं गोयल ने लॉजिस्टिक नीति 2024-30 और छत्तीसगढ़ नवाचार एवं स्टार्टअप प्रोत्साहन नीति के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी दी। चार्टर्ड एकाउंटेंट अरुण गुप्ता ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि नई सोच और दृढ़ संकल्प के साथ स्टार्टअप स्थापित कर कोई भी युवा अपने जीवन स्तर को बेहतर बना सकता है, आने वाला समय युवाओं का है।

जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष कलवंत गोयल ने कहा कि सफलता की पहली शर्त अपनी आवश्यकताओं और संभावनाओं को पहचानना है। उन्होंने पशुधन उत्पाद आधारित उद्योगों की स्थापना को क्षेत्र में रोजगार का एक सशक्त माध्यम बताया। छत्तीसगढ़ चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने विद्यार्थियों से कहा कि स्वरोजगार अपनाकर न केवल अपना, बल्कि देश के सकल घरेलू उत्पाद में भी योगदान दें। जिला अग्रणी प्रबंधक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया आनंद मिंज ने बैंक ऋण से संबंधित आवश्यक दस्तावेजों और बैंकिंग प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में रौनक जैन, वेटनरी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. ओमप्रकाश, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के प्रबंधक जयसिंह राज, पॉलिटेक्निक के व्याख्याता विवेक मेहता, अवधेष कुमार, सुश्री कृष्णा गुप्ता सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं। संचालन व्याख्याता राहुल दुबे तथा आभार प्रदर्शन प्राचार्य एन. योगेश ने किया।




**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**विविध कार्य हेतु निविदा सूचना**

(1) निविदा संख्या टीआरडी-बीएसपी-303-25-26 दिनांकः 06/03/2026

**कार्यः** (1) बिलासपुर डिवीजन में सीआईसी सेक्शन कटनी-अनूपपुर-अंबिकापुर में 2x25 केवी टीएसएस, एसपी, एसएसपी और अर्थिंग सिस्टम के पी.एस.आई. एसेट्स के रिप्लेसमेंट और अपग्रेडेशन सहित बड़े रिहैबिलिटेशन का काम (2) बिलासपुर डिवीजन में कटनी-अनूपपुर- अंबिकापुर सेक्शन के बीच सीआईसी सेक्शन में टीएसएस/एसपी/ एसएसपी स्विच यार्ड का सुधार । **निविदा मूल्यः रू. 3,42,59,753.70/-, बयाना राशिः रू. 3,21,300.00/-, निविदा जमा करने की तिथि व समयः** दिनांक 07/04/2026 के 15:00 बजे तक।

(2) निविदा संख्या टीआरडी-बीएसपी-304-25-26 दिनांकः 06/03/2026

**कार्यः** अनूपपुर-कटनी और अनूपपुर-अंबिकापुर सेक्शन के बीच फीडर वायर के री-टेंशन के संबंध में ओएचई का प्रावधान/संशोधन । **निविदा मूल्यः रू. 5,22,90,254.18/-, बयाना राशिः रू. 4,11,500.00/-, निविदा जमा करने की तिथि व समयः** दिनांक 07/04/2026 के 15:00 बजे तक।

पात्रता के मापदंड तथा अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कृपया हमारे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर पधारें । निविदा सूचना को वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियंता (क.वि.) दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपर (छ.ग.) के कार्यालय के नोटिस बोर्ड से भी देखे जा सकते हैं।

व.मं.विद्युत अभियंता (क.वि.)

सीपीआर/10/748 द.पू.मध्य रेलवे, बिलासपुर

South East Central Railway @secrail


## असंगठित श्रमिकों एवं व्यापारियों के पंजीयन के लिए आयोजित होगा शिविर

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** निर्माण श्रमिक, असंगठित श्रमिकों एवं व्यापारियों की सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराने हेतु भारत सरकार, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना एवं एनपीएस में श्रमिकों एवं छोटे व्यापारियों पंजीयन कराया जाना है। जिसके लिए मोबाइल कैंप का आयोजन कर श्रमिकों का पंजीयन, नवीनीकरण, आवेदन प्राप्त कर उनका निराकरण किया जाना है। उक्त योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों के पंजीयन के लिए श्रम विभाग द्वारा जनपदवार विशेष शिविर आयोजित की जाएगी। जिसके अंतर्गत 12 मार्च से 30 मार्च 2026 तक प्रातः 10 बजे से शिविर आयोजित होगा।

जनपद पंचायत राजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत धंधापुर में 16 मार्च, मुरका में 18 मार्च, नरसिंहपुर में 20 मार्च, गोपालपुर में 23 मार्च, भिलाईखुर्द में 25 मार्च, जनपद पंचायत शंकरगढ़ के अंतर्गत ग्राम पंचायत करासी में 17 मार्च, भरतपुर में 19 मार्च, पोडीकला में 24 मार्च, कोरंधा में 27 मार्च तथा मुरका में 30 मार्च को शिविर आयोजित होगा। जिसके लिए श्रम कल्याण अधिकारी श्री यशवंत राजवाड़े मोबाइल नंबर 9669801379 को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

जनपद पंचायत बलरामपुर के ग्राम पंचायत जरहाडीह में 12 मार्च, झलपी में 16 मार्च, पुटसुरा में 18 मार्च, सौनी में 20 मार्च, महाराजगंज में 23 मार्च, जाबर में 25 मार्च, तथा बड़कीमहरी 27 मार्च को शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार जनपद पंचायत रामचन्द्रपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत नेहरूनगर में 17 मार्च, चन्द्रनगर में 19 मार्च, चुमरा में 24 मार्च, भवानीपुर में 27 मार्च, त्रिकुण्डा में 30 मार्च को शिविर आयोजित होगी। उक्त दोनों जनपदों में शिविर के लिए श्रम कल्याण निरीक्षक श्री रोशन गुप्ता, मोबाइल नंबर 9753853822, को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

इस संबंध में श्रम पदाधिकारी ने पंजीयन कराने के लिए श्रमिक को आधार कार्ड, बैंक पासबुक, राशन कार्ड, सदस्यों का आधार कार्ड, ई-श्रम कार्ड, आय प्रमाण पत्र तथा मोबाइल अनिवार्य रूप से साथ लाने को कहा है।

## स्व-सहायता समूह से जुड़कर कमला ने शुरू की आजीविका गतिविधियां, खेती और सूकर पालन से अर्जित कर रही हैं 2 लाख रुपये

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। जहां योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से महिला सशक्तिकरण को नई दिशा मिल रही है।

ऐसे ही जिले के विकासखंड बलरामपुर के ग्राम पंचायत धनगांव की निवासी कमला लकड़ा स्वयं सहायता समूह से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ी हैं। वे तारा स्वयं सहायता समूह की सदस्य हैं। समूह से जुड़ने के बाद उन्हें स्वरोजगार से जुड़ने का अवसर मिला। उन्होंने समूह के माध्यम से 80 हजार रुपये का ऋण लेकर आजीविका से संबंधित विभिन्न गतिविधियों की शुरुआत की। प्रारंभ में उन्होंने खेती को अपना मुख्य व्यवसाय बनाया। वर्तमान में कमला धान, मक्का, टमाटर, गेहूं और तरबूज जैसी विभिन्न मौसमी फसलों की खेती कर रही हैं। खेती के साथ-साथ उन्होंने सूकर पालन भी शुरू किया, जिससे उन्हें अतिरिक्त आय प्राप्त हो रही है।

कमला बताती हैं कि टमाटर की खेती कर 1 लाख रुपये का आय अर्जित किया था साथ ही अन्य फसल तथा सूकर पालन से 1 लाख रुपये का लाभ हुआ, इस प्रकार उन्होंने 2 लाख रुपये की वार्षिक आय अर्जित की। इससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति पहले की तुलना में काफी सुदृढ़ हुई है। वे बताती हैं कि स्वयं सहायता समूह से जुड़ने के बाद आत्मनिर्भर बनकर अपने परिवार की जिम्मेदारियों को बेहतर ढंग से निभा रही हैं और अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन रही है।

जिला प्रशासन द्वारा भी राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने तथा उन्हें रोजगार से जोड़ने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे जिले में महिला सशक्तिकरण को और अधिक मजबूती मिल रही है।



छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

अम्बिकापुर 13 मार्च 2026





संपर्क करें
समाचार, ईश्तहार, विज्ञापन हेतु संपर्क करें।
दैनिक छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन
गौरव पथ, गुरूद्वारा के पास बाबूपारा अम्बिकापुर
मो. 7566950555 9713108088



# सरगुजा फ्रंटलाइन


## अफीम की खेती और सूखा नशा के कारोबार से बौखलाए कांग्रेसी, घेरा भाजपा कार्यालय

### रैली निकालकर सौंपा राज्यपाल के नाम ज्ञापन, कहा-नशे के कारोबार को दे रहे संरक्षण

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ में अफीम की अवैध खेती और सूखा नशा के बढ़ते कारोबार के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी सरगुजा ने गुरुवार को भाजपा कार्यालय का सांकेतिक घेराव किया। आयोजन जिला कांग्रेस प्रभारी एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह के नेतृत्व में किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में राजीव भवन से रैली के रूप में भाजपा कार्यालय की ओर रवाना हुए। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने 'अफीम की खेती बंद करो' और मुख्यमंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर नारेबाजी की। घेराव के बाद राज्यपाल के नाम ज्ञापन भी सौंपा। कांग्रेस के आयोजन को देखते हुए कलेक्टोरेट परिसर से



भाजपा कार्यालय तक काफी संख्या में पुलिस की मौजूदगी रही। बैरीकेड लगाकर भाजपा कार्यालय की ओर जाने वाले मार्ग को बंद किया गया था, फिर भी भाजपा कार्यालय को घेरने के लिए पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुलिस के साथ झूमाझटकी करते हुए जोर-आजमाईस करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

पत्रकारों से चर्चा करते हुए पूर्व मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह ने कहा कि दुर्ग जिले के समोद में भाजपा नेता के द्वारा अफीम की खेती का मामला सामने आया था। इसके बाद बलरामपुर जिले में भी दो स्थानों पर अफीम की खेती पकड़ी गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि जनवरी से पुलिस को इसकी जानकारी होने के बावजूद कार्रवाई नहीं की गई। पिछले 13 महीनों में प्रदेश में नारकोटिक्स से जुड़े 2599 मामले दर्ज हुए हैं, जो यह दर्शाते हैं कि या तो यह सब सरकार के संरक्षण में हो रहा है या सरकार प्रदेश में सुशासन स्थापित करने में असफल साबित हो रही है। प्रदर्शन और घेराव के दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजय अग्रवाल, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश गुप्ता, हेमंत सिन्हा, विनय शर्मा, इंद्रजीत सिंह धंजल, अरविंद सिंह, मोहम्मद इस्लाम, इरफान सिद्दीकी, कृपाशंकर गुप्ता, संजय विश्वकर्मा, हेमंत तिवारी, बलराम यादव, अटल यादव, तिलक बेहरा, अमित सिंहदेव, प्रदीप गुप्ता, सुधांशु गुप्ता, दुर्गेश गुप्ता, सीमा सोनी, सरोज साहू, प्रशांत सिंह, ओमप्रकाश सिंह, लोकेश पासवान, जमील खान सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।


#### सरकार नशे का कारोबार रोकने में असफल

पूर्व कैबिनेट मंत्री अमरजीत भगत ने प्रदेश सरकार पर नशे का कारोबार को रोकने में पूरी तरह असफल रहने का आरोप लगाया और कहा कि सरकार जान-बूझकर नशे के कारोबार को बढ़ावा दे रही है, जिससे युवा पीढ़ी प्रभावित हो रही है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि हाल ही में पकड़े गए नशा माफिया के मामले में सरकार ने विधानसभा में जवाब देते समय कुछ नाम छिपाए हैं। इससे संदेह पैदा होता है कि नशा कारोबारियों को सरकार का संरक्षण प्राप्त है।

## कबाड़ कारोबारी द्वारा नाबालिग पर प्राणघातक हमला, सिर पर आए टांके

**छ.ग.फ्रंटलाइन पत्थलगांव।** नगर में इन दिनों रायगढ़ रोड कबाड़ कारोबारी की गतिविधियों को लेकर लोगों में नाराज़गी बढ़ती जा रही है। क्षेत्र में लगातार हो रही छोटी-मोटी चोरी की घटनाओं के बीच कबाड़ खरीदने का कारोबार चर्चा का विषय बन गया है। आरोप है कि कुछ कबाड़ व्यापारी नाबालिग और घुमंतू बच्चों से टीन, प्लास्टिक के डिब्बे, पुट्ठा सहित अन्य सामान खरीद रहे हैं और इसके बदले उन्हें थोड़े पैसे देकर प्रोत्साहित कर रहे हैं। इससे क्षेत्र में चोरी की घटनाओं को बढ़ावा मिलने की आशंका जताई जा रही है।

इसी बीच नगर के रायगढ़ रोड पर एक गंभीर घटना सामने आई है, जिसमें एक कबाड़ कारोबारी द्वारा नाबालिग पर प्राणघातक हमला करने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि सामान के लेन-देन को लेकर हुए विवाद के दौरान कबाड़ व्यापारी ने नाबालिग के सिर पर लोहे से हमला कर दिया। अचानक हुए इस हमले से नाबालिग गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे तत्काल अस्पताल जाकर अपना उपचार कराना पड़ा।



इस हमले में नाबालिग के सिर पर गंभीर और गहरी चोट आई है, वहीं खून से लतपथ नाबालिग दिखाई पड़ रहा है, हालांकि समय रहते इलाज मिलने से उसकी स्थिति अब खतरे से बाहर बताई जा रही है। घटना के बाद नाबालिग ने पुलिस थाना पहुंचकर अपनी आपबीती बताई, जिसके बाद मामले की जानकारी सामने आई। लोगों का कहना है कि पिछले कई दिनों से कुछ कबाड़ कारोबारी खुलेआम नाबालिग बच्चों से सामान खरीद रहे हैं। आरोप है कि बच्चों को सामान लाने के लिए उकसाया जाता है और कई बार उनसे कम दाम पर सामान खरीद लिया जाता है। इतना ही नहीं, कुछ मामलों में बच्चों को डराने-धमकाने और मारपीट करने की भी शिकायतें सामने आ रही हैं।

कबाड़ खरीदने की इस व्यवस्था के कारण क्षेत्र में चोरी की घटनाओं को बढ़ावा मिल रहा है। कई बार घरों, दुकानों या खाली स्थानों से टीन, लोहे के टुकड़े, प्लास्टिक के डिब्बे और अन्य कबाड़ सामान गायब होने की घटनाएं सामने आती हैं, लेकिन अधिकतर मामलों में शिकायत दर्ज नहीं हो पाती। रायगढ़ रोड की घटना सामने आने के बाद लोगों में आक्रोश बढ़ गया है। नागरिकों ने प्रशासन और पुलिस से मांग की है कि नगर में चल रहे कबाड़ कारोबार की जांच की जाए और नाबालिग बच्चों से सामान खरीदने पर सख्त रोक लगाई जाए। जिससे नाबालिगों का भविष्य गर्त की ओर जाने से बच सके।

वहीं पुलिस का कहना है कि मामले की जानकारी मिलने के बाद जांच शुरू कर दी गई है। नाबालिग के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। यदि जांच में मारपीट या अन्य अपराध की पुष्टि होती है तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

आपको बता दें कि यदि समय रहते इस समस्या पर नियंत्रण नहीं किया गया, तो आने वाले समय में अपराध और बढ़ सकते हैं। ऐसे में प्रशासन से उम्मीद की जा रही है कि कबाड़ कारोबार पर निगरानी बढ़ाकर इस तरह की घटनाओं पर जल्द अंकुश लगाया जाएगा।

## सभापति व एमआईसी सदस्यों ने उच्चस्तरीय जलागार निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** नगर निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 14, नमनाकला में स्वीकृत 7.5 लाख लीटर की उच्च स्तरीय जलागार निर्माण कार्य का नगर पालिक निगम के सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी व एमआईसी सदस्यों ने भूमि पूजन करके कार्य प्रारंभ कराया। उक्त कार्य हेतु अधोसरंचना मद अंतर्गत राशि 92.74 कि स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त टंकी में पानी भरने हेतु राइजिंग में मेन पाइपलाइन विस्तारीकरण कार्य हेतु मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना अंतर्गत 41.23 लाख रुपये की भी स्वीकृति प्रदान की गई है। इसका कार्य आदेश जारी किया जा चुका है। इस टंकी के कार्य पूर्ण हो जाने के उपरांत निकाय के जल संकटग्रस्त वार्ड 12, 13, 14, 47 के वार्डवासी लाभान्वित होंगे एवं आवश्यकता अनुरूप पेयजल की आपूर्ति की जा सकेगी।



इस अवसर पर नगर पालिक निगम, जल प्रदाय विभाग के प्रभारी सदस्य जितेंद्र सोनी ने कहा महापौर मंजूषा भगत ने जल संकटग्रस्त वार्डों की समस्या को देखते हुए नमनाकला में नवीन उच्चस्तरीय जलागार निर्माण कार्य हेतु अवगत कराया था। विधायक एवं छत्तीसगढ़ में कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल एवं महापौर के सामूहिक प्रयास से राज्य शासन से जलागार व राइजिंग मेन पाइप लाइन के लिए बड़ी राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त कार्य से नमनाकला सहित पास के क्षेत्र में जल संकट की समस्या का स्थाई निदान लंबे समय के लिए हो जाएगा। वार्ड क्रमांक 14 की पार्षद एवं एमआईसी सदस्य अनीता रविंद्र गुप्त भारती ने कहा नमनाकला वार्ड में छोटी टंकी की वजह से जल की आपूर्ति सही तरीके से नहीं हो पाती थी। गर्मियों के दिनों में हाल बुरा रहता था। बढ़ती जनसंख्या एवं वार्डों के विस्तार को देखते हुए 25 सालों की आगामी योजना आने वाली पीढ़ी और जनसंख्या के दबाव और क्षेत्र के विस्तार को देखते हुए महापौर मंजूषा भगत, सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी एवं जल प्रदाय विभाग के प्रभारी सदस्य जितेंद्र सोनी, पार्षद किरण दीपक तोमर सहित अन्य पार्षदों के सार्थक पहल से छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने उच्च क्षमता की टंकी के निर्माण कार्य हेतु राशि की स्वीकृति प्रदान की है। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य ममता तिवारी, श्वेता गुप्ता, प्रियंका गुप्ता, पार्षद मनोज गुप्ता, किरण दीपक सिंह तोमर, अनिल तिवारी, आकाश गुप्ता, संतोष दास, अभिषेक शर्मा, अवधेश सोनकर, विकास गुप्ता, जल विभाग के प्रभारी प्रशांत खुल्लर, अभियंता सतीश रवि, विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, ठेकेदार एवं वार्डवासी उपस्थित रहे।

## ब्रह्माकुमारी संस्था में पुण्य स्मृति दिवस कार्यक्रम का आयोजन

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय अंबिकापुर में 12 मार्च, गुरुवार को दादी गुलजार का पुण्य स्मृति दिवस मनाया गया। इनका जन्म एक



जुलाई, 1929 को सिंध प्रांत में हुआ था, इनका बचपन का नाम शोभा था, जो ब्रह्माकुमारी संस्था की एक प्रमुख आध्यात्मिक स्तंभ थीं। सरगुजा संभाग की ब्रह्माकुमारी संचालिका बीके विद्या, ब्रह्माकुमारी बहनों एवं ब्रह्माकुमार भाइयों ने इस मौके पर उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। बीके विद्या ने दादी को भोग स्वीकार कराया एवं सभी को उनका जीवन संस्मरण सुनाया। 9 साल की उम्र में ब्रह्मा बाबा के सान्निध्य में उन्होंने योग मार्ग चुना। पवित्रता और नि:स्वार्थ सेवा की प्रतिमूर्ति दादी ने 1969 से 2014 तक अव्यक्त बाप दादा की मुरली सुनाने में विशेष रथ के रूप में अपनी भूमिका निभाई। उन्होंने न केवल देश में बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राजयोग, आध्यात्मिकता और आत्म परिवर्तन पर शिक्षा दी, और अपना शरीर 11 मार्च 2021 को त्याग दिया। कार्यक्रम में सैकड़ो भाई-बहनों ने दादी को श्रद्धांजलि अर्पित किया एवं ब्रह्मा भोजन में शामिल हुए।

## अनोखी सोच संस्था ने निर्धन कन्या का विवाह कराया

### धार्मिक रीति-रिवाज के बीच संपन्न हुई रस्म, नवदंपति हुए एक-दूजे के





**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** समाज सेवा के क्षेत्र में लगातार सक्रिय अनोखी सोच सेवा संस्था ने एक बार फिर मानवता और सेवा भावना का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए एक निर्धन कन्या का विवाह पूरे धार्मिक रीति-रिवाज और सम्मान के साथ संपन्न कराया। संस्था इससे पूर्व भी कई जरूरतमंद परिवारों की बेटियों का विवाह कराकर समाज में सहयोग और संवेदनशीलता की मिसाल पेश कर चुकी है। बता दें कि गुरूवार को बिहार के औरंगाबाद जिला निवासी आशा कुमारी पासी का विवाह सूरजपुर निवासी धीरज पासी के साथ संपन्न हुआ। दोनों पक्षों का परिवार आर्थिक रूप से अत्यंत कमजोर है। आशा कुमारी के परिवार की स्थिति ऐसी थी कि वे अपनी बेटी का विवाह कराने में पूरी तरह असमर्थ थे। उनके पिता का साया पहले ही सिर से उठ चुका था, जिस कारण परिवार की जिम्मेदारियां और भी बढ़ गई थीं। ऐसी कठिन परिस्थिति में परिवार ने समाजसेवी संस्था अनोखी सोच से संपर्क कर सहायता की गुहार लगाई। परिवार की स्थिति को देखते हुए संस्था के अध्यक्ष सूर्य प्रकाश साहू ने उन्हें आश्वस्त किया कि बेटी का विवाह पूरे सम्मान और धूमधाम के साथ कराया जाएगा, इसके लिए संस्था हर संभव सहयोग प्रदान करेगी। इसके बाद संस्था के सदस्यों ने पहल करते हुए सांड़बार वन देवी मंदिर परिसर में विवाह की सभी तैयारियां की। आशा कुमारी का विवाह धीरज के साथ परिवारजनों और समाज के लोगों की उपस्थिति में पूरे धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुआ। विवाह समारोह में वर-वधू के लिए आवश्यक सभी व्यवस्थाएं संस्था द्वारा की गई। विवाह समारोह के दौरान जलपान, प्रीतिभोज तथा अतिथियों के स्वागत की पूरी व्यवस्था भी संस्था द्वारा की गई। इसके अतिरिक्त नवविवाहित जोड़े को उनके नए जीवन की शुरुआत के लिए आवश्यक घरेलू उपयोग की सामग्री में बर्तन, कपड़े, अलमारी, कूलर इत्यादि जरूरी सामान भेंट स्वरूप प्रदान किए गए, ताकि उनकी गृहस्थी की शुरुआत सुचारू रूप से हो सके। अनोखी सोच संस्था की ओर से संस्था के संरक्षक राजेश मलिक, अध्यक्ष सूर्य प्रकाश साहू, कोषाध्यक्ष अभय साहू, सचिव पंकज चौधरी, दिनेश गर्ग, रॉकी शुक्ला, अजय ताम्रकार, मोती ताम्रकार, भोला कश्यप, चंद्र प्रताप सिंह, रूपेश बेहेरा, समित मुंडा, भोला रस्केल, सुनील, अनिल, चंदन, बनाफर, दिलीप श्रीवास्तव, सुभाष, संतोष, गोपी, सावन, बिट्टू, नीरज, पप्पू, बबलू, चंदन, गजानंद, विकास, सोनू, रोहित, विशाल, राजा बाबू, भक्कू, ननकू, अविनाश, निशांत, विजय, भावेश सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। इन्होंने नवविवाहित जोड़े को सुखद एवं समृद्ध दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं दी।

#### आशा कुमारी के परिजन हुए भावुक

इस अवसर पर आशा कुमारी के परिजन भावुक हो उठे। उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों में अनोखी सोच सेवा संस्था उनके लिए किसी भाई और पिता की तरह सामने आई। संस्था के सहयोग से उनकी बेटी का विवाह सम्मानपूर्वक और धूमधाम से संपन्न हो सका, जिसके लिए वे संस्था और उसके सभी सदस्यों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हैं। इस अवसर पर शहर के मानिंद लोगों में नगर निगम के सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, समाजसेवी वंदना दत्ता, नगर निगम की पार्षद किरण साहू, ममता तिवारी के साथ प्रियंका चौबे, नीलम राजवाड़े, रविंदर कौर, नवीन शर्मा ने भी वर-वधु को आशीर्वाद प्रदान किया।

## ओवरटेक करके निकले बाइक सवार का रास्ता रोककर मारपीट

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** कार को ओव्हरटेक करके निकले मोटरसायकल सवार का रास्ता रोककर गाली-गलौज और डंडे से मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। भयभीत युवक थाना परिसर में घुसकर खुद को सुरक्षित किया, इसके बाद कार सवार मौके से भाग गया। सेंट्रिंग का काम करने वाले ग्राम नर्मदापारा चिखलाडीह निवासी रामलाल मानिकपुरी ने गांधीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 10 मार्च को सुबह करीब 10 बजे काम से बढ़नीझरिया आया था। रात करीब 9 बजे अपने मोटरसायकल क्रमांक सीजी 15 डीपी 5683 से घर जाने के लिए निकला था। बाबरा पेट्रोल पंप के पास सफेद रंग की हुण्डई वर्ना कार को ओव्हरटेक करके आगे निकला तो कार सवार बनारस रोड में पटेल किराना दुकान के सामने अपनी कार को मोटरसायकल के सामने अड़ाकर रास्ता रोक दिया और कार से उतरकर गाली देते हुए ओव्हरटेक करके निकलने की बात पर कार से डण्डा निकला और मारपीट करते हुए जान से मारकर गाड़ देने की धमकी देने लगा। कार सवार के खौफ से जब वह थाने में घुसा तो वह भाग गया। रिपोर्टकर्ता ने बताया है कि सफेद रंग के हुण्डई कार के नंबर प्लेट में सीजी 29 2901 उल्लेख था, बीच के शब्द को वह नहीं देख पाया था। इलाज कराने के बाद बाइक सवार थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है, जिस पर पुलिस ने आरोपी कार सवार के विरूद्ध केस दर्ज कर लिया है।

### फाइनेंस कार्यालय के नीचे से बाइक ले गए चोर

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** मणीपुर थाना क्षेत्र में दर्रीपारा में फाइनेंस ऑफिस के नीचे खडी मोटरसायकल को अज्ञात लोगों ने पार कर दिया। राजेश कुमार यादव पिता वृक्षराम जाति 27 वर्ष, वर्तमान में दर्रीपारा में प्रखर मेडिकल, मेहता कांप्लेक्स में रहता है। 09 मार्च की रात को वह करीब 08 बजे फ्युजन फाइनेंस ऑफिस के नीचे मोटरसायकल क्रमांक सीजी 13 वी 2410 को खड़ा करके अपने रूम में चला गया था। 10 मार्च को 7.30 बजे सुबह जब वह ड्यूटी के लिए जा रहा था तो मोटरसायकल गायब था। काफी खोजबीन के बाद भी मोटरसायकल का पता नहीं चला। रिपोर्ट पर केस दर्ज करके पुलिस अग्रिम जांच, कार्रवाई कर रही है।

### युवक फांसी लगाकर खुदकुशी किया

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम देवगढ़, हुड़हुड़पारा में एक युवक अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। बताया जा रहा है कि मृतक का बड़ा भाई एतवार साय पिता किशुन 27 वर्ष, 12 मार्च की सुबह अपने घर के पास मवेशियों को चारा दे रहा था, इसी दौरान उसकी नजर अमरूद के पेड़ में गमछा के सहारे फांसी पर लटके छोटे भाई मनबोध के शव पर पड़ी। इसकी जानकारी वह अपने घर-परिवार के लोगों को देने के बाद कोतवाली थाना पुलिस को दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका पंचनामा करके शव को नीचे उतरवाकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। प्रारंभिक पूछताछ में फांसी लगाने का कारण अस्पष्ट है। संभावना जताई जा रही है कि मृतक बुधवार-गुरूवार की दरम्यानी रात फांसी लगाया होगा। बहरहाल पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के बाद स्वजन के सुपुर्द कर दिया है। मामले में मर्ग कायम करके पुलिस अग्रिम जांच, कार्रवाई कर रही है।

## अज्ञात वाहनों ने 3 युवकों को चपेट में लिया, तीनों की मौत

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** अज्ञात वाहनों की ठोकर के तीन अलग-अलग मामलों में तीन की मौत हो गई। पुलिस ने मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के बाद स्वजन के सुपुर्द कर दिया है।

जानकारी के मुताबिक एमसीबी जिला के झगराखांड का सतीश कुमार कोल पिता स्व. कैलाश कोल 28 वर्ष, कुछ दिन पहले अपने ससुराल ग्राम कठौतिया गया था। 11 मार्च की सुबह अपने दोस्त के साथ मनेन्द्रगढ़ जा रहा था। कठौतिया के पास पीछे से आ रहे अज्ञात कार के चालक ने इन्हें लापरवाही पूर्वक कार चलाते हुए ठोकर मार दिया, जिसमें सतीश को गंभीर चोट आई थी। घायलों को प्राथमिक चिकित्सा के बाद मनेन्द्रगढ़ जिला अस्पताल से रेफर करने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में भर्ती कराया गया था, रात 9.50 बजे चिकित्सक ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। दूसरी घटना में सूरजपुर जिला के प्रतापपुर थाना अंतर्गत चर्च के पास रहने वाले अनूप कुमार कुजूर पिता विक्टोर पिता विक्टोर 40 वर्ष की अज्ञात वाहन के ठोकर से मौत हो गई। मृतक बिजली विभाग प्रतापपुर में लाइनमैन का काम करता था। बुधवार को वह अपने घर से काम करने के लिए पैदल जा रहा था। प्रतापपुर में ही एसडीएम बंगला, चौक के पास अज्ञात वाहन का चालक उसे ठोकर मारकर भाग गया। घायल अवस्था में उसे संजीवनी 108 से मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर लेकर स्वजन पहुंचे, यहां इलाज के बीच वह दम तोड़ दिया। एक अन्य घटना में कोरिया जिला के बैकुंठपुर थाना अंतर्गत ग्राम देवानीबांध निवासी श्रीलाल सूर्यवंशी पिता अर्जुन सूर्यवंशी 30 वर्ष अज्ञात कार के ठोकर से घायल हो गया, इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक, बुधवार को मजदूरी करके बैकुंठपुर से मोटरसायकल में वापस घर जा रहा था। ग्राम पोटेडांड के पास अज्ञात कार का चालक उसे ठोकर मारकर भाग गया। घायल मजदूर को ऑटो से बैकुंठपुर अस्पताल लाया गया, यहां से प्राथमिक उपचार के बाद रिफर करने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में भर्ती कराया था, इलाज के बीच बुधवार को सुबह वह दम तोड़ दिया। पुलिस ने तीनों मामले में मर्ग कायम करके मृतकों के शव का पोस्टमार्टम कराया है।

### निर्माणाधीन मकान से वायरिंग तार की चोरी

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** नमनाकला में निर्माणाधीन मकान से वायरिंग तार को काटकर ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। चोरी किए गए तार की कीमत करीब 40 लाख रुपये है। जानकारी के एसईसीएल केरता में क्लर्क के पद पर पदस्थ अभिषेक कुमार दुबे के निर्माणाधीन मकान में बिजली वायरिंग का काम चल रहा है। 28 फरवरी को वे मकान में ताला बंद करके घर आ गए थे। इसके बाद 01 मार्च को सुबह करीब 08 बजे निर्माणाधीन मकान में गए तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। मकान में अंदर बिजली वायरिंग के लिए कॉपर तार का पांच बंडल रखा हुआ था, जिसमें से 02 बंडल से लगभग आधे तार का वायरिंग में उपयोग किया गया था। दीवाल के सिलिंग में लगा वायरिंग तार बाहर निकला हुआ था, जिसे काटकर अज्ञात चोर ले गया। चोरी की वारदात 28 फरवरी से एक मार्च की दरम्यानी रात के बीच होने का अंदेशा जताया गया है। पुलिस मामले में अपराध दर्ज करके अग्रिम जांच, कार्रवाई कर रही है।


Since 2003
Based on CBSE Syllabus
Admission Open
Nursery to 10th
Milestones School
English Medium
Add. : Behind Central Bank Gudri Chowk, Ambikapur Mob. 9826190902
Office Time : 10 AM to 2 PM



स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक- मनीष पाठक द्वारा स्पीड प्रिंटर्स व आफसेट पुराना पोस्ट ऑफीस रोड दरींपारा अम्बिकापुर पिन नं. 497001 ( छत्तीसगढ़ ) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-रणविजय सिंह तोमर